
हरिभूमि
# रायपुर भूमि









# सड़कों पर गाड़ियां पार्क, कई इलाकों में जाम के हालात

- बूढ़ापारा के सप्रे शाला एंट्री गेट से लेकर दुर्गा मंदिर तक की सड़क पर नजारा आम
- मोतीबाग चौक के जोन दफ्तर से लगी सड़क के दोनों ओर गाड़ियों की अवैध पार्किंग
- सदरबाजार, चौबे कालोनी, शंकरनगर, टाटीबंध, कबीरनगर, पुराना धमतरी रोड, आमापारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

घर में पार्किंग की जगह नहीं होने पर जुर्माना होगा, विस में विधेयक पेश किया जा चुका है। जाहिर है, इससे थोड़ी राहत मिलेगी। अभी शहर में ट्रैफिक जाम के हालात हैं। शहर में लाखों की गाड़ियां और करोड़ों का घर होने के बाद भी सड़क पर पार्किंग करने का ट्रेंड राजधानी में चल निकला है। आम आदमी के आवागमन की जगह पर गाड़ियों की अवैध पार्किंग को लेकर जिला प्रशासन से लेकर नगर निगम और ट्रैफिक महकमा भी आंख मूंदे बैठा हुआ है। इससे एक ▶▶ शेष पेज 13 पर

हरिभूमि सरोकार





### मोतीबाग चौक से एवरग्रीन चौक वाला मार्ग

*मोतीबाग चौक से एवरग्रीन चौक तक सुगम आवागमन के लिए नगर निगम मुख्यालय और जोन 4 ने 2 साल पहले सड़क चौड़ीकरण कर एक अच्छी व्यवस्था तैयार की। पर देखरेख के अभाव में सड़क के दोनों ओर अवैध पार्किंग होने से यह सड़क सकरी हो चली है। इससे लोगों को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ती है। जोन दफ्तर से लगी इस सड़क पर गाड़ियों की अवैध पार्किंग हटाने निगम प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है। वहीं सड़क घेर कर महीनों से कई गाड़ियां यहां अव्यवस्थित रूप से रखी हुई हैं।*

*टिकरापारा क्षेत्र में पुलिस* ▶▶ शेष पेज 13 पर

## खबर संक्षेप

### चाकूबाजों की एसपी ने ली क्लास



**रायपुर।** एसपी का चार्ज लेने के बाद लाल उम्मेद सिंह ने बुधवार को शहर के 50 से ज्यादा चाकूबाज तथा सोशल मीडिया में हथियार के साथ पोस्ट डालने वाले बदमाशों को गंज थाना परिसर तलब कर उनकी क्लास ली। एसपी ने चाकूबाजों को अपराध से दूर रहने की चेतावनी देते हुए सोशल मीडिया में हथियारों के साथ पोस्ट डालने वाले बदमाशों को सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। एसपी ने चाकूबाजों को थाने बुलाए जाने पर तत्काल अपनी उपस्थिति दर्ज कराने निर्देश दिए। साथ ही क्षेत्र में घटित अपराधिक घटनाओं की पुलिस को तत्काल जानकारी देने के लिए कहा।

### नशेड़ी वाहन चालकों पर दो करोड़ जुर्माना



**रायपुर।** ट्रैफिक पुलिस ने इस वर्ष बीते वर्ष की तुलना में ड्रंक एंड ड्राइव की दोगुना से ज्यादा कार्रवाई की है। ट्रैफिक पुलिस ने वर्ष 2023 में एक साल में सात सौ शराबी वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की थी। इस वर्ष ट्रैफिक पुलिस ने 19 सौ नशेड़ी वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की है। नशेड़ी वाहन चालकों से कोर्ट ने एक करोड़ 90 लाख रुपए जुर्माना राशि वसूल किया है।

### निजी गैस गोदाम में जीएसटी को मिले टैक्स चोरी के प्रमाण

**रायपुर।** स्टेट जीएसटी की टीम ने एक निजी रसोई गैस गोदाम में छापा मारकर टैक्स चोरी पकड़ी है। निजी गैस कंपनी के संचालक ने कितने की जीएसटी चोरी की है, स्टेट जीएसटी ने इसे लेकर अब तक किसी तरह से अधिकृत बयान जारी नहीं किया है। गौरतलब है कि स्टेट जीएसटी की टीम ने मंगलवार को एक निजी गैस कंपनी के सिलतरा स्थित प्लांट तथा दुर्ग में छापे की कार्रवाई की थी, जो दूसरे दिन भी जारी रही। दूसरे दिन की कार्रवाई में स्टेट जीएसटी की टीम ने गैस प्लांट में काम करने वाले कर्मचारियों से पूछताछ की। इसके साथ ही जीएसटी की टीम ने सिलेंडर डिलीवरी से संबंधित दस्तावेजों की जांच करने के साथ दस्तावेज जब्त किए हैं। बताया जा रहा है, निजी गैस कंपनी का संचालक कमर्शियल गैस सिलेंडर को डोमेस्टिक गैस सिलेंडर बताकर जीएसटी चोरी कर रहा था। शिकायत मिलने पर स्टेट जीएसटी द्वारा गोपनीय रूप से जांच की गई। इस दौरान गड़बड़ी मिलने पर छापे की कार्रवाई की गई।

### लिफ्ट देकर लूट बदमाश गिरफ्तार

**रायपुर।** विधानसभा थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात युवक को लिफ्ट देने के बहाने चाकू की नोक पर साढ़े चार हजार रुपए लूट के आरोप में सिविल लाइंस के बदमाश को गिरफ्तार किया गया है। गौरव महेश्वरी की शिकायत पर पुलिस ने हरीश निहाल को गिरफ्तार किया है। गौरव ने पुलिस को बताया है कि वह काम से लौट रहा था। साइंस सेंटर के पास हरीश ने गौरव को लिफ्ट देने का झांसा देकर अपने साथ गाड़ी में बैठा लिया।

पकड़े जाने पर पुलिस ठगी की रकम बरामद न कर पाए इसलिए भेजते थे थाईलैंड, चाइना

# साइबर के जालसाजों ने विदेश भेजे थे 429 करोड़ रुपए, दो और गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

फर्जी कंपनी के माध्यम से ठगी की रकम को डॉलर में कन्वर्ट कराने के बाद चाइना तथा थाईलैंड भेजने के मामले में रेंज साइबर पुलिस ने बुधवार को रायपुर से दो और जालसाजों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार जालसाजों द्वारा अब तक ठगी के 429 करोड़ रुपए विदेश ट्रांसफर करने की जानकारी रेंज साइबर पुलिस को मिली है। जालसाजों ने ठगी की रकम सुरक्षित रखने मनी पार्किंग की व्यवस्था की थी। मनी पार्किंग करने के एवज में जालसाजों को 40 प्रतिशत तक कमीशन मिलता था।

उत्तम नगर दिल्ली निवासी संदीप रात्रा, रायपुर, हीरापुर निवासी राजवीर सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों जालसाजों को पुलिस ने प्रोग्रेसिव पाइंट स्थित उनकी फर्जी कंपनी क्रोमा शिपिंग एंड लॉजिस्टिक्स के ऑफिस से गिरफ्तार किया है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में रेंज साइबर पुलिस ने दिल्ली से गगनदीप तथा पवन कुमार को गिरफ्तार किया है।

हरिभूमि फॉलोअप

डॉलर में कन्वर्ट करने के बाद विदेश में रकम ट्रांसफर करते थे



ट्रांजेक्शन, दो करोड़ रुपए होल्ड किए गए

पैसों को यूएस डॉलर में कन्वर्ट कर भेजते थे हांगकांग-थाईलैंड

आधार कार्ड का पता बदलकर बनाई फर्जी कंपनी और खोले 30 प्लेटिनम अकाउंट

कई राज्यों में आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज

लुधियाना-दिल्ली की कंपनियों से भी जुड़े तार





### सीए की मदद से बनाई कंपनी

जालसाजों ने फर्जी कंपनी खोलने एक सीए की मदद ली थी। जालसाजों ने जो कंपनी खोली थी, भविष्य में आईटी या केंद्रीय एजेंसी द्वारा कार्रवाई किए जाने की स्थिति में एजेंसियों के शिकंजे में फंसने से बचने आधार कार्ड में कूटरचना की थी। कूटरचित आधार कार्ड तथा अन्य दस्तावेज तैयार करने के बाद जालसाज सीए के पास कंपनी खोलने मदद मांगने पहुंचे।

### 14 ठगी की रकम ट्रांसफर करने की मिली जानकारी

जालसाजों से पूछताछ में रेंज साइबर पुलिस को अब तक देश के अलग-अलग राज्यों के 14 साइबर ठगी की रकम डॉलर में कन्वर्ट कर विदेश भेजने की जानकारी मिली है। फर्जी कंपनी के माध्यम से अब तक 429 करोड़ रुपए की राशि विदेश ट्रांसफर किए गए हैं।

### इन बैंकों के माध्यम से विदेश भेजते थे रकम

ठगी की रकम को डॉलर में कन्वर्ट कराकर भेजने फॉरेक्स ट्रेडिंग के माध्यम से जालसाजों ने इंडियन ओवरसीज बैंक, एसबीआई, यूनियन बैंक तथा कई अन्य अकाउंट खुलवाए थे। पुलिस के अनुसार ठगी के रैकेट को चलाने वाला मास्टर माइंड हांगकांग का है। ठगी की रकम चाइना तथा थाईलैंड भेजने वाले जालसाजों को 40 प्रतिशत तक कमीशन मिलता था। ठगी करने वालों का नेटवर्क छत्तीसगढ़ के साथ देश के अलग-अलग राज्यों में संचालित हो रहा है।


### ऐसे दी जाती थी मनी पार्किंग की सुविधा

साइबर ठगी का मामला ट्रेस होने के बाद पुलिस अलग-अलग अकाउंट में जमा रकम होल्ड करा देती है। ठगी की रकम होल्ड होने के बाद ठगों को वह रकम नहीं मिल पाती। ठगी की रकम सुरक्षित रखने जालसाजों ने फर्जी आयात-निर्यात कंपनी खोली। इसके बाद साइबर फ्रॉड करने वाले जालसाजों से संपर्क कर रकम सुरक्षित रखने का दावा करने वाले जालसाज संपर्क करते थे। साइबर फ्रॉड के जालसाज ठगी की रकम फर्जी कंपनी के अकाउंट में ट्रांसफर कर देते थे। इसके बाद फर्जी कंपनी उस रकम को डॉलर में कन्वर्ट कर थाईलैंड और चाइना भेज देती थी।

### छोटे शहरों में फर्जी कंपनी

जालसाजी की रकम मनी पार्किंग करने वाले जालसाजों ने पुलिस तथा अन्य एजेंसियों से बचने छोटे शहरों का चयन कर फर्जी कंपनी खोली थी। रेंज साइबर पुलिस को फर्जी कंपनी के बारे में जानकारी साइबर ठगी के एक मामले की जांच के दौरान मिली। किसी को उन पर शक न हो, इसके लिए जालसाजों ने अपनी कंपनी में नौकरी करने वैकेंसी भी निकाली और कर्मचारी भर्ती की तैयारी में थे।

## लाखेनगर चौक पर बैठेगा मोर और ऑक्सीजोन चौक को आकर्षक बनाएगा वन भैंसा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी के ऑक्सीजोन चौक के पास जल्द राजकीय पशु वन भैंसा की प्रतिकृति लोगों के आकर्षण का केंद्र बनेगी। वहीं लाखेनगर चौक के समीप राष्ट्रीय पक्षी मोर की विशाल प्रतिकृति लगाकर चौक की सुंदरता निखारने का कार्य किया जायेगा। यह कार्य उद्योग समूहों के सीएसआर मद से कराया जा रहा है। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने बुधवार को स्थल निरीक्षण कर विभागीय अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिये।

- राजधानी के चौराहों का सौंदर्यीकरण

रायपुर नगर निगम द्वारा शहर के विभिन्न मुख्य मार्गों, चौराहों का सौंदर्यीकरण कार्य कराया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर निगम जोन 5 क्षेत्र स्थित लाखेनगर चौक को सुव्यवस्थित कर उसे सुंदर रूप देने सौंदर्यीकरण कार्य कराया जा रहा है। सड़क चौड़ीकरण के बाद चौक के समीप मोर की सुंदर प्रतिकृति लगाकर सुंदर स्वरूप दिया जायेगा। इसी तरह वन विभाग द्वारा विकसित आक्सीजोन चौक के समीप राजकीय पशु वन भैंसा की विशाल प्रतिकृति लगाने का काम इन दिनों किया जा रहा है।

अधिकारियों ने बताया कि रायपुर स्मार्ट सिटी द्वारा जीई रोड किनारे साइंस कालेज के पास मार्ग विभाजक को एक सिरे से व्यवस्थित कर पौधारोपण कराया जा रहा है। इसके साथ ही पैदल चलने वालों के लिए सड़क किनारे पाथवे बनाया गया है। साइंस कालेज मार्ग से डीडी नगर रोहणीपुरम गोल चौक तक मुख्य मार्ग के किनारे आर्ट वर्क का काम चल रहा है।

आठ माह का इंतजार खत्म

## एसीआई में फिर शुरू होगी ओपन हार्ट सर्जरी, भर्ती किए जाएंगे मरीज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राज्य के एकमात्र सरकारी अस्पताल में हृदय रोगियों की ओपन हार्ट सर्जरी फिर से शुरू हो जाएगी। एबीजी किट और रीएजेंट मिलने के बाद आठ माह से बिना उपयोग के रखी मशीन की धूल साफ कर ली गई है। जल्दी जरूरतमंद मरीजों को पुनः भर्ती किया जाएगा। ओपन हार्ट सर्जरी शुरू होने से मध्य और निम्न वर्ग के मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी। शासकीय मेडिकल कालेज रायपुर से संबंधित एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट एकमात्र दिल का सरकारी अस्पताल है। यहां मरीजों को हार्ट से संबंधित विभिन्न तरह के रोगों की बेहतर उपचार की सुविधा प्राप्त होती है। आठ माह यहां के कार्डियक सर्जरी विभाग में एबीजी किट और रीएजेंट की समस्या हो गई थी। शुरुआत में इसकी किल्लत को सामान्य माना गया था, मगर बाद में इंतजार का दौर बढ़ता गया और ओपन हार्ट सर्जरी के जरूरतमंद मरीजों को पहले अगली तारीख दी गई, फिर ▶▶ शेष पेज 13 पर

- एबीजी किट और रीएजेंट मिलने के बाद मशीन में जमी धूल हुई साफ

### शीघ्र शुरू की जाएगी

समस्या का समाधान होने के बाद ओपन हार्ट सर्जरी शीघ्र शुरू कर दी जाएगी। जरूरतमंद मरीजों को भर्ती करने आदेश जारी किया जाएगा।
- **डॉ. कृष्णाकांत साहू,** विभागाध्यक्ष, कार्डियक सर्जरी एसीआई

### निजी अस्पतालों में लाखों खर्च

*एसीआई में ओपन हार्ट सर्जरी नहीं होने की वजह से गंभीर मरीजों को निजी अस्पतालों में ऑपरेशन के लिए चार लाख रुपए तक खर्च करने पड़ते हैं। एसीआई आयुष्मान स्वास्थ्य योजना तथा मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना के बड़ी संख्या में मरीजों को निशुल्क उपचार की सुविधा मिलती है। जो किसी भी तरह की सरकारी योजना के पात्र नहीं हैं, उन्हें भी निजी अस्पतालों से आधे से कम खर्च में यहां सर्जरी की सुविधा मिल जाती है।*

### सवा सौ मरीज हुए निराश

*एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट के सीटीवीएस विभाग के सर्जन हर महीने बारह से पंद्रह ओपन हार्ट सर्जरी पूरी करते हैं। पिछले आठ माह से यह सुविधा बंद होने की वजह से करीब सवा सौ मरीजों को निराश होना पड़ा है। खर्च उठाने में सक्षम मरीजों ने निजी अस्पताल जाकर अपना उपचार करा लिया। जिनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी, वे सरकारी अस्पताल में पुनः आपरेशन शुरू होने का इंतजार कर रहे थे, जो अब जाकर पूरा हुआ है।*

## दूसरे राउंड में 140 पीजी सीट का आवंटन, 24 तक होगा एडमिशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पहले दौर में एडमिशन के बाद बची 273 में एमडी-एमएस की 140 सीटों का आवंटन कर दिया गया है। अलॉटमेंट लिस्ट के आधार पर एडमिशन 19 से 24 दिसंबर तक पूरा किया जाएगा। दूसरे राउंड में आवंटित सीट पर प्रवेश नहीं लिया जाता अथवा एडमिशन के बाद इसे त्यागा जाता है, तो पंजीयन राशि राजसात कर ली जाएगी। राज्य के मेडिकल कालेजों में विभिन्न पाठ्यक्रम में प्रवेश का अंतिम दौर चल रहा है, जिसमें एमडी-एमएस (पीजी) की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। चिकित्सा शिक्षा विभाग की काउंसिलिंग कमेटी ने पीजी एडमिशन के लिए दूसरे राउंड की अलॉटमेंट लिस्ट जारी की है। इसमें उन विद्यार्थियों को भी मौका दिया गया है, जिन्होंने प्रथम दौर में आवंटित सीट नापसंद होने की वजह से एडमिशन नहीं लिया था। सीट अपग्रेडेशन का मौका नहीं मिलने की वजह से पहले राउंड में बेहद कम संख्या में प्रवेश हुआ था। इसके बाद दो छात्राओं ने तो एडमिशन के बाद अपनी सीट त्याग दी थी, जिन्हें दूसरे राउंड की काउंसिलिंग में शामिल कर आवंटन प्रक्रिया पूरी की गई। एडमिशन 19 दिसंबर से शुरू होकर 24 दिसंबर को शाम 6 बजे तक पूरा किया जाएगा। रायपुर के दो निजी कालेजों में एडमिशन के लिए शासकीय जेएनएम तथा दुर्ग के कालेज में प्रवेश के लिए सीएमसी दुर्ग में व्यवस्था की गई है।

- अब आवंटित सीट छोड़ी तो पंजीयन राशि जब्त

## तीन दिन में पांच डिग्री तक बढ़ेगा प्रदेश का पारा, बढ़ रही नमी से कम हो रही ठंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से वातावरण में नमी बढ़ रही है। इसके प्रभाव से अगले तीन दिन में प्रदेश के न्यूनतम तापमान में पांच डिग्री तक की बढ़ोतरी होगी, जिससे ठंड का प्रभाव कम होगा। पिछले दो दिन सामान्य से नीचे लुढ़क चुका बिलासपुर, रायपुर और जगदलपुर का तापमान अब दस डिग्री से ऊपर जा चुका है। पहली बार दिसंबर में रायपुर को शीतलहर की स्थिति तक पहुंचाने के बाद न्यूनतम तापमान ऊपर की ओर खिसकने लगा है। हालांकि ठंड अभी भी बरकरार है, जिसमें आने वाले तीन दिनों में कमी आने की संभावना है। सरगुजा संभाग में शीतलहर का दायरा सिमटने लगा है और अंबिकापुर का न्यूनतम तापमान दो से बढ़कर चार डिग्री तक पहुंच गया है।



### जनवरी में भी असर

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अभी भू-मध्य प्रशांत महासागर का जल सामान्य से ठंडा होने की वजह से ला-नीना का प्रभाव है। इसकी वजह से मध्य इलाकों में ठंड का प्रभाव ज्यादा महसूस हो रहा है। जनवरी में अगर पश्चिमी विक्षोभ कम संख्या में सक्रिय होता है तो उस महीने में भी ठंड का असर जोरदार रहने की संभावना है।

### अंतिम सप्ताह में कड़ाके की ठंड

*मौसम तंत्रिका की वजह से आने वाले दिनों में रात के तापमान में उतार-चढ़ाव की स्थिति रहने की संभावना है। इसके कारण ठंड कभी कम तो कभी ज्यादा की स्थिति में रह सकता है। सारे सिस्टम समाप्त होने के बाद माह के अंतिम सप्ताह में पुनः हवा की दिशा में बदलाव होने से कड़ाके की ठंड की एक बार फिर वापसी होने के आसार बनेंगे। दिसंबर में इस बार राज्य का न्यूनतम तापमान दो डिग्री से नीचे जा चुका है, वहीं रायपुर में पारा 9.8 डिग्री तक पहुंच चुका है।*

रविवि परिसर स्थित बंजारी माता मंदिर का किया जाना है जीर्णोद्धार

# 6 करोड़ नहीं जुटा पाया रविवि, तीन साल में बनाई सिर्फ 'बाउंड्री वॉल', अब लाएंगे कम बजट वाला प्लान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि बीते 4 सालों में बंजारी माता मंदिर के लिए 6 करोड़ रूपए नहीं जुगाड़ सका। निर्धारित तिथि बीत जाने तक मंदिर की सिर्फ बाउंड्री वॉल ही तैयार की जा सकी है। अब रविवि मंदिर निर्माण के लिए कम बजट वाली योजना तैयार कर रहा है, जिससे कम से कम लागत में मंदिर निर्माण किया जा सके। पूर्व में तैयार योजना के अनुसार, मंदिर का जीर्णोद्धार 2023-224 तक पूर्ण किए जाने का लक्ष्य रखा गया था। पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय से लगे 5 एकड़ के जंगल में मां बंजारी का ▶▶ शेष पेज 13 पर

- 2023-24 तक पूर्ण करने रखा गया था लक्ष्य, यहां छोटे-बड़े 9 मंदिर



### अकाउंट में 50 लाख, प्राइवेट कॉलेज देंगे एक करोड़ रूपए

*रविवि ने मंदिर निर्माण के लिए पृथक रूप से बजट नहीं निकाला था। इसके स्थान पर तय हुआ था कि भक्तों से सहयोग से और चंदे से प्राप्त राशि के माध्यम से इसका निर्माण किया जाएगा। दान की राशि एकत्र करने रविवि ने पृथक बैंक अकाउंट भी बनाया था। अंदरूनी सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस अकाउंट में अब तक 50 लाख रुपए की राशि जमा हो चुकी है। इसके अलावा जब मंदिर निर्माण की घोषणा रविवि द्वारा की गई थी तब सभी निजी महाविद्यालयों ने एक-एक लाख रुपए की राशि देने का वचन दिया था। इस तरह से लगभग एक करोड़ की राशि निजी महाविद्यालयों से ही प्राप्त होती, लेकिन रविवि ने निर्माण कार्य ही प्रारंभ नहीं किया।*

### नागर शैली में तैयार किया गया था नक्शा

*रविवि ने तय किया था कि मंदिर निर्माण नागर शैली में किया जाएगा। इस शैली के आधार पर ही ड्राइंग-डिजाइन भी तैयार करवाया गया। यहां हॉलरूपी एक विशाल मंडपम का भी निर्माण किया जाना था, जिसमें एक साथ 200 से अधिक भक्त बैठ सकते थे। इसके अलावा मंदिर का नक्शा इस तरह से बनाया गया था, जिससे परिसर के एक भी पेड़ काटने की नौबत ना आए। मंदिर को मुख्य मार्ग से जोड़ने के लिए प्रवेश द्वार को 5 फीट आगे लाने की भी योजना थी।*

## खबर संक्षेप

### मठपुरैना रावतपुरा बीएसयूपी को मिलेगा मॉडल स्वरूप

**रायपुर।** मठपुरैना स्थित रावतपुरा बीएसयूपी कॉलोनी को जल्द मॉडल स्वरूप प्रदान किया जाएगा। इस कालोनी में लोगों की सुविधा के लिए सामुदायिक भवन, मंगल भवन और सुंदर बगीचा विकसित किया जायेगा। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने अपर आयुक्त विनोद पांडे, जोन 6 कमिश्नर रमेश जायसवाल, कार्यपालन अभियंता अतुल अग्रवाल के साथ कार्य स्थल का निरीक्षण किया। नगर निगम जोन 6 स्थित मठपुरैना बीएसयूपी कालोनी मॉडल कालोनी के रूप में विकसित कार्य करवाया जायेगा। कालोनी में लोगों की सहूलियत के लिए केन्द्र व राज्य प्रवर्तित योजना के तहत विकास कार्य करवाये जायेंगे। निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा ने विभागीय अधिकारियों को संबंधित बीएसयूपी कॉलोनी को गुणवत्ता सहित मॉडल स्वरूप देने निर्देश दिये।

### प्रेस क्लब में 'देश का प्रकृति परीक्षण' शिविर आज

**रायपुर।** रायपुर प्रेस क्लब, आयुष मंत्रालय, भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ आयुर्वेद तथा यूनानी चिकित्सा पद्धति एवं प्राकृतिक चिकित्सा परिषद रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में 19 दिसंबर को 12 बजे से नवम आयुर्वेद दिवस के अवसर पर 'देश का प्रकृति परीक्षण' शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति से जुड़े शिक्षकों, चिकित्सकों एवं छात्रों द्वारा मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से पत्रकारों और उनके परिजनों का आयुर्वेदीय सिद्धांत अनुसार प्रकृति (वात-पित्त-कफ) परीक्षण किया जाएगा। प्रकृति परीक्षण के बाद तुरंत डिजिटल प्रकृति कार्ड प्रदान किया जाएगा। प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर, महासचिव डॉ. वैभव शिव पाण्डेय, उपाध्यक्ष संदीप शुक्ला, कोषाध्यक्ष रमन हलवाई ने सभी सदस्यों से इस जनकल्याणकारी योजना का सपरिवार अधिक से अधिक संख्या में लाभ उठाने की अपील की है।

### कांग्रेस आज शाह का पुतला फूंकेगी

रायपुर। संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान बुधवार को केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा राज्यसभा में संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर के संदर्भ में दिये गये आपत्तिजनक बयान की घोर निंदा करते हुये प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ने प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में गुरुवार को केन्द्रीय गृहमंत्री शाह का पुतला दहन किये जाने का निर्णय लिया है।

### धान खरीदी डाटा एंट्री ऑपरेटरों की हड़ताल खत्म

**रायपुर।** नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर अपनी लंबित मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कम्प्यूटर आपरेटर संघ की हड़ताल समाप्त हो गई है। कृषि मंत्री रामविचार नेताम से उनके निवास कार्यालय पर छत्तीसगढ़ धान खरीदी ऑपरेटर संघ ने मुलाकात की। इस दौरान शासन से सामंजस्य बिठाकर कार्य करने पर सहमति बनी। संघ के सदस्यों ने प्रदेश अध्यक्ष भाजपा किरण सिंह देव से मुलाक़ात कर मांग के संबंध में अवगत कराया।

# एनएसजी कमांडो की तरह अब ट्रेंड हो रहे हैं वीवीआईपी सुरक्षा में लगने वाले पीएसओ और ड्रायवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ में वीवीआईपी की सुरक्षा का तंत्र अब और अधिक मजबूत और सक्षम होगा। दरअसल वीवीआईपी सुरक्षा में काम करने वाले पीएसओ को नेशनल सिक्योरिटी गार्ड (एनएसजी) के माध्यम से ट्रेनिंग दिलवाई जा रही है, इसके साथ ही वीवीआईपी के वाहन चलाने वाले ड्रायवरों को भी इसमें शामिल किया गया है। इन्हें एनएसजी कमांडों की तरह ट्रेंड किया जा रहा है। यह ट्रेनिंग प्रदेश में कानून व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए बनाई गई कार्ययोजना का हिस्सा है। उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार छत्तीसगढ़ में एनएसजी के माध्यम से प्रशिक्षण का यह कार्यक्रम इसलिए चलाया जा रहा है, क्योंकि छत्तीसगढ़ एक नक्सल प्रभावित राज्य है। यहां वीवीआईपी सुरक्षा में पुलिस बल के जवान काम करते हैं, इन्हें जो प्रशिक्षण पूर्व में दिया गया है ,वह पुलिस की शैली का है। नई कार्ययोजना में वीवीआईपी सुरक्षा के पीएसओ और वाहन चालकों को एनएसजी कमांडो की तरह प्रशिक्षित किया जाना है। लिहाजा वीवीआईपी सुरक्षा को मजबूत करने के लिए एनएसजी 15 दिनों का पीएसओ कोर्स माना रायपुर में तथा वाहन चालकों का टेक्नीकल ड्रायविंग कोर्स वीआईपी वाहिनी माना में संचालित किया जा रहा है। बताया गया है कि यह प्रशिक्षण एनएसजी के मानदंडों के अनुरूप दिया जा रहा है।

## कानून व्यवस्था मजबूत करने बनाई गई है कार्ययोजना

### धरना प्रदर्शन के दौरान पुलिस अपनाएगी एसओपी

प्रदेश में कानून व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए बनाई गई कार्ययोजना के तहत जिलों में शांति, सुरक्षा, एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिलों में भीड़ नियंत्रण धरना प्रदर्शन, रैली के दौरान शांति एं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए, सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा और आम जानमाल की सुरक्षा के लिए पुलिस एवं जिला प्रशासन द्वारा की जाने वाली आवश्यक कार्यवाही के लिए पुलिस मुख्यालय द्वारा मानक संचालन प्रक्रिया(एसओपी) तैयार कर शासन से जारी करवाई गई है।



### सुरक्षा व्यवस्था के लिए जिलों को बजट

इसी कार्ययोजना के तहत सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था की चुनौतियों पर उचित अनुक्रिया के लिए जिला स्वयं सक्षम हो इसके लिए जिलों में कानून व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंध के लिए बलवा ड्राल सामाग्री व सुरक्षा संसाधनों की उपलब्धता एवं आवश्यकता का मूल्यांकन कर पुर्ननियोजन व नवीन संसाधनों की पूर्ति के निर्देश जारी किए गए हैं। इस काम के लिए जिलों को बजट आवंटित किया गया है। इसी क्रम में अपराधों पर नियंत्रण के इरादे से प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत बाउंड ओवर एवं जिला बदर की कार्यवाही करने कहा गया है। कानून व्यवस्था की स्थिति से निपटने के लिए पीटीएस माना, राजनांदगांव, मैनपाट एवं पीटीएस बोरगांव में चार पुलिस प्रशिक्षण इकाईयों में 15 दिनों का रिफ्रेशर कोर्स के माध्यम से बलवा ड्रील का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## वार्डों का आरक्षण आज

### 35 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित

# रायपुर निगम से होगी शुरुआत, 70 में 18 वार्ड में ओबीसी की सीट तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

रायपुर नगर निगम सहित जिले के 5 नगर पालिका परिषद एवं 5 नगर पंचायत वार्डों का आरक्षण गुरुवार को होगा। सबसे पहले निगम रायपुर के लिए आरक्षण होगा। निगम के 70 वार्डों के लिए आरक्षण में 35 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित की जाएंगी। हालांकि वार्डों के नए सिरे से कराए गए परिसीमन के बाद इस बार ओबीसी वार्ड की संख्या 18 से बढ़कर 23 आरक्षित हो जाएगी। इसमें से 18 वार्डों में ओबीसी आरक्षित रहेगी, वहीं शेष 5 वार्डों में वहां ओबीसी की जनसंख्या को देखकर वार्ड आरक्षित किया जाएगा। इन पांच वार्डों में अगर ओबीसी वर्ग की संख्या कम रही, तो ये वार्ड अनारक्षित किए जाएंगे। इसके अलावा 9 वार्ड एससी और 3 एसटी के लिए आरक्षित किए जाएंगे।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर नगर निगम रायपुर में परिसीमन सर्वे कराया गया, जिसके आंकड़ों के बाद निगम क्षेत्र में ओबीसी को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया जाना है। इससे पूर्व हुए निगम चुनाव के दौरान 18 वार्डों को ओबीसी के लिए आरक्षित किया गया था, पर परिसीमन आंकड़ों के अनुसार 5 और वार्डों में ओबीसी की जनसंख्या बढ़ी है, जिसके कारण इन वार्डों को भी ओबीसी के लिए आरक्षित किए जा सकते हैं। हालांकि नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारी वार्डों के आरक्षण को लेकर किसी भी प्रकार की जानकारी देने से बच रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि आरक्षण की कार्यवाही ओपन रखी गई है। कार्यवाही के दौरान सभी वार्डों की लॉटरी के माध्यम से आरक्षण होना है, इसलिए अभी कुछ भी कहा नहीं जा सकता कि कौन सा वार्ड किस वर्ग के लिए आरक्षित या अनारक्षित होगा।

### पांच वार्डों पर असमंजस




### नियम के तहत होगी आरक्षण की कार्यवाही

नगर निगम रायपुर सहित 5 नगर पालिका परिषद एवं 5 नगर पंचायत के वार्डों का आरक्षण लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा। वार्डों का आरक्षण नियम के तहत किया जाएगा।

**- डा. गौरव सिंह**
कलेक्टर रायपुर

### पार्षदों की उत्सुकता के साथ बढ़ी चिंता

आरक्षण की कार्यवाही सुबह 11 बजे से राजधानी रायपुर के शहीद स्मारक भवन में शुरू होगी। इसके लिए स्मारक भवन में तैयारी पूरी कर ली गई है। निगम रायपुर के लिए सबसे पहली लॉटरी निकाली जाएगी। इस लॉटरी को लेकर वर्तमान वार्ड पार्षदों से लेकर राजनीतिक दलों के साथ चुनाव लड़ने की इच्छा रखने वाले उन सभी लोगों में भारी उत्सुकता बनी हुई है, क्योंकि लॉटरी ही तय करेगी, कौन सा वार्ड ओबीसी, एससी, एसटी के लिए आरक्षित होंगे और कौन से वार्ड अनारक्षित होंगे। हालांकि आरक्षित वार्डों में कौन-कौन से वार्ड पुरुषों व महिलाओं के लिए आरक्षित होंगे। इसे लेकर भी सभी में उत्सुकता रहेगी, क्योंकि लॉटरी में कई वार्ड पुरुष से महिला और कई वार्ड महिला से पुरुष के लिए आरक्षित हो सकते हैं, जिसे लेकर वर्तमान पार्षदों की चिंता भी बढ़ी हुई है।

### दूसरे नंबर पर नगर परिषद वार्डों के लिए निकाली जाएगी लॉटरी

नगर निगम रायपुर के बाद दूसरे नंबर पर नगर पालिका परिषदों के वार्डों के लिए आरक्षण कार्यवाही की जाएगी। इसके लिए पहले नगर परिषद तिल्दा के वार्डों के लिए लॉटरी होगी। इसी प्रकार क्रमशः नगर पालिका परिषद गोबरा नवापारा, नगर पालिका परिषद आरंग, नगर पालिका परिषद अभनपुर एवं अंत में नगर पालिका परिषद मंदिर हसौद के लिए लॉटरी निकाली जाएगी।

### नगर पंचायतों की लॉटरी आखिरी में

नगर पंचायतों के लिए लॉटरी सबसे आखिरी में निकाली जाएगी। नगर पंचायतों में सबसे पहले नगर पंचायत माना कैंप के वार्डों की लॉटरी निकाली जाएगी। इसके बाद नगर पंचायत खरोरा, नगर पंचायत समोदा, नगर पंचायत चंदखुरी और आखिरी में नगर पंचायत कुर्रा के वार्डों का आरक्षण तय किया जाएगा।

## उड़ान भरने 15 सीटर विमान तैयार

# अंबिकापुर, बिलासपुर, रायपुर हवाई कनेक्टिविटी आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के तीन शहर अंबिकापुर, बिलासपुर और रायपुर आज से हवाई मार्ग के माध्यम से आपस में जुड़ जाएंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति में यात्रियों को लेकर 15 सीटर विमान रायपुर से रवाना होगी। फ्लायबिग का एयरक्राफ्ट यह फ्लाइट सप्ताह में तीन दिन गुरुवार, शुक्रवार और शनिवार को उड़ान भरेगी।



अंबिकापुर एयरपोर्ट के लोकार्पण के बाद वहां से नियमित विमान सेवा संचालित किए की उम्मीद जताई गई थी। गुरुवार को इसकी शुरुआत हो जाएगी, जिसके लिए रींवा से 15 सीटर विमान बुधवार को रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पहुंच चुका है। सुबह 11 बजे मुख्यमंत्री की मौजूदगी में अंबिकापुर के दरिमा एयरपोर्ट के लिए पहली उड़ान का संचालन किया जाएगा। एयरक्राफ्ट वहां से बिलासपुर होते हुए रात में रायपुर आकर लैंड होगा। केंद्र सरकर की क्षेत्रीय उड़ान योजना के तहत इसकी शुरुआत की जा रही है। इस फ्लाइट के प्रारंभ होने के बाद यात्रियों को तीन शहरों के बीच सड़क मार्ग के लंबे सफर से राहत मिल जाएगी। पहले आओ पहले पाओ के आधार पर इस फ्लाइट के लिए टिकट बुक किया जाएगा जिसकी शुरुआती कीमत 990 रुपए तय की गई है।

## कुम्हारी टोल प्लाजा बंद करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर गडकरी से मिले बृजमोहन





**रायपुर।** रायपुर-दुर्ग राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित कुम्हारी टोल प्लाजा को बंद करने समेत विभिन्न कार्यों को लेकर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने बताया कि कुम्हारी टोल प्लाजा वर्षों से संचालित है। अवधि पूर्ण हो जाने के बाद भी यह टोल प्लाजा अवैध रूप से संचालित हो रहा है, जिससे स्थानीय जनता को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। उन्होंने टोल प्लाजा को तत्काल बंद करने की मांग की है। बृजमोहन अग्रवाल ने रायपुर शहर की यातायात की समस्या और परिवहन के बुनियादी ढांचे की समस्याओं के समाधान के लिए श्री गडकरी के सामने अपनी मांगें रखी हैं। इन मांगों में रिंग रोड क्रमांक 1 के सर्विस रोड को 5 मीटर से बढ़ाकर 11 मीटर करने, रायपुर रेलवे स्टेशन से नेशनल हाइवे 30 के जंक्शन तक बने एक्सप्रेस हाईवे को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को सौंपने। एक्सप्रेस हाईवे पर राष्ट्रीय राजमार्ग 30 (शदाणी दरबार) के जंक्शन पर ग्रेड सेपरेटर का निर्माण करने। भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत रायपुर-विशाखापट्टनम एक्सप्रेस वे में अभनपुर-राजिम-गरियाबंद राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 130 सी के क्रॉसिंग पाइंट पर इंटरचेंज सुविधा का निर्माण।

# अदानी और मणिपुर मामले को लेकर कांग्रेस का राजभवन मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस ने बाबा आंबेडकर मूर्ति से राजभवन तक पैदल मार्च निकाला। गौतम अडानी के खिलाफ अमेरिकी न्याय विभाग द्वारा लगाए गए आरोपों तथा मणिपुर में फैली हिंसा के विरोध में कांग्रेस ने यह मार्च निकाला।

पीसीसी अध्यक्ष ने कहा, अमेरिका न्याय विभाग ने अडानी के भ्रष्टाचार को उजागर किया है। इन आरोपों ने रिश्वतखोरी, मनी लॉन्ड्रिंग और बाजार में हेरफेर के एक परेशान करने वाले पैटर्न को उजागर किया है, जो भारतीय व्यापार और वित्त की प्रतिष्ठा को धूमिल करते हैं। यह घटना भारत में कॉर्पोरेट गवर्नेंस और नियामक



निगरानी के संबंध में गंभीर चिंताएं उत्पन्न करती हैं। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय निवेशकों के बीच विश्वास की हानि चिंताजनक है। इसके अलावा, सरकार द्वारा संसदीय चर्चा को जानबूझकर रोकना और इस मुद्दे पर मौन रहना जिम्मेदारी और जवाबदेही से बचने का एक चिंताजनक संकेत है। मणिपुर निरंतर हिंसा, गोलीबारी, कर्फ्यू और व्यापक अराजकता के एक अभूतपूर्व संकट का सामना कर रहा है।

# औद्योगिक क्षेत्रों के मुख्य मार्गों व स्लम बस्तियों में लगेंगे सीसीटीवी कैमरे, 24 घंटे कंट्रोलरूम से होगी मॉनिटरिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के औद्योगिक क्षेत्रों के मुख्य मार्गों पर जल्द ही सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इन कैमरों के लगने से अपराधियों पर पुलिस का शिकंजा कसेगा, वहीं दूसरी ओर दुर्घटना कर फरार होने वाली गाड़ियों की आसानी से पहचान भी हो पाएगी, जिसके बाद उन गाड़ियों का पता लगाकर उनके चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की जा सकेगी।

आईजी अमरेश मिश्रा ने बुधवार को कलेक्टोरेट स्थित रेडक्रास सभागार में औद्योगिक कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस बैठक में कलेक्टर डा. गौरव सिंह एवं एसपी लालउम्मेद सिंह, नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप सहित जिला प्रशासन और पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।



### कैमरे लगाने सर्वे कर किया जाएगा स्थानों का चयन

आईजी अमरेश मिश्रा ने बैठक में कहा कि राजधानी के आसपास के क्षेत्रों जैसे औद्योगिक क्षेत्र एवं स्लम बस्तियों में सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से मॉनीटरिंग बहुत ही आवश्यक है। प्रत्येक एंगल में सीसीटीवी कैमरे के लिए स्थान चिन्हांकित किया जाएं और सर्वे के बाद उन स्थानों में कैमरे लगाए जाए। आईजी ने कहा कि हर क्षेत्र सीसीटीवी कैमरे से लैस हो, ताकि अपराध होने पर तत्काल कार्रवाई में मदद मिल सके, साथ ही दुर्घटना होने पर वाहन की पहचान हो सके। सीसीटीवी कैमरे सभी स्थानों पर होने से अपराध होने पर तत्काल पुलिस को कार्रवाई में मदद भी मिलेगी। इससे शहर की सुरक्षा भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि उद्योगों में कार्यरत श्रमिकों की जानकारी भी रखी जाए।

### अपराध में कमी आएगी : कलेक्टर

कलेक्टर ने बैठक में कहा कि अपराध में कमी लाने के लिए सीसीटीवी कैमरे की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने स्लम बस्तियों एवं औद्योगिक क्षेत्रों में जल्द से जल्द सीसीटीवी कैमरे लगाने की तैयारी के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से मॉनिटरिंग के लिए छोटे-छोटे कंट्रोल रूम बनाए।

### अपराधियों पर लगाम लगाने कैमरे बहुत जरूरी- एसपी

एसपी लाल उम्मेद सिंह ने कहा कि शहर को सुरक्षित करने और अपराधियों पर लगाम लगाने के लिए सीसीटीवी कैमरे की आवश्यकता है। इसमें सभी की सहभागिता बहुत ही जरूरी है। सीसीटीवी कैमरे हर एंगल में लगाने की जरूरत है, ताकि अपराध होने पर तत्काल सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से अपराधियों को पकड़ा जा सकता है।

## भाठागांव का नाम बदलने के प्रस्ताव के विरोध में विधायक का पुतला दहन



**रायपुर।** रायपुर नगर निगम एमआईसी में भाठागांव के नाम बदलकर अरिहंत नगर रखने के प्रस्ताव के विरोध में बुधवार को भाठागांव के नागरिकों ने भाजपा के उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा के खिलाप मुर्दाबाद के नारे लगाकर विधायक का पुतला जलाया। इस मौके पर भाठागांव के नागरिकों का कहना है कि भाठागांव का नाम 100 वर्षों पहले से चला आ रहा है। विधायक द्वारा बिना ग्रामीणों की सहमति से नाम बदलने का प्रस्ताव रखना भाठागांव की जनता के भावना से खिलवाड़ करना है। इसी दौरान भाठागांव के पार्षद सतनाम पनाग ने बताया कि, वर्षों पुराने भाठागांव का नाम को बदलना किसी भी हाल में सही नहीं, हमारी महापौर परिषद तीन दिन पहले ही नाम बदलने के प्रस्ताव को निरस्त कर चुकी है, लेकिन विधायक द्वारा राज्य शासन से जबरदस्ती भाठागांव के नाम को बदलवाया जाता है। पुतला दहन करने वालों में जय सोनकर, राजा यादव, मुन्ना सोनकर, रमेश सोनकर, जीतू ब्रिजवानी, मनोज सोनकर, ललित साहू, खेम सोनकर आदि उपस्थित रहे।

### धीवर समाज प्रमुखों ने गृहमंत्री से की मुलाकात



**रायपुर।** धीवर समाज के प्रमुख लोगो द्वारा उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा से उनके निवास स्थल में जाकर समाज के लिए छात्रावास एवं सांस्कृतिक भवन के निर्माण को लेकर उनसे मुलाकात की। पूर्व में उप मुख्यमंत्री जी द्वारा सामाजिक परिचय सम्मेलन में शामिल होकर समाज के लिये नये छात्रावास एवं सांस्कृतिक भवन निर्माण की घोषणा की थी। इस अवसर पर समाज प्रमुख रामकृष्ण धीवर, सुरेश धीवर, रामलाल पेदररिया, पवन धीवर, बसंत निषाद, घसियाराम मटियारा, संरक्षक जय प्रकाश फुटान, राजेश फरिकार, अजय फुटान, कुशल मटियारा, दुलेश्वर मटियारा, कमलेश फेकर आदि मौजूद थे।






# शुष्क दिवस पर अवैध शराब का कारोबार, आबकारी ने मारा छापा

## महिला सहित 2 गिरफ्तार, सवा सौ लीटर शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आबकारी विभाग ने बुधवार को राजधानी रायपुर में अवैध शराब का कारोबार करने वाले महिला सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। दोनों के कब्जे से कुल 648 पाव देशी मदिरा शराब जब्त की है। टीम ने इनमें से पुरुष को गंजपारा इलाके में न्यू कांकेर केशकाल गुड्स ट्रांसपोर्ट गैरेज से गिरफ्तार किया है, वहीं महिला को डीडी नगर क्षेत्र के सांई नगर स्थित मकान से गिरफ्तार किया है।



### गैरेज में चल रहा था शराब का अवैध कारोबार

आबकारी विभाग के सहायक जिला अधिकारी वैभव मित्तल ने बताया कि विभाग को मुखबिर से सूचना मिली थी कि गंजपारा क्षेत्र में न्यू कांकेर केशकाल गुड्स ट्रांसपोर्ट गैरेज से भारी मात्रा में अवैध शराब का कारोबार किया जा रहा है। इस सूचना पर टीम ने गैरेज में छापा मारा, जहां से 480 पाव देशी मदिरा मसाला शराब जब्त की। इस दौरान टीम ने मौके पर गिरधर साहू नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में पता चला कि गैरेज उसके आधिपत्य में था, लेकिन उसका मालिक कोई दूसरा है। आबकारी अधिकारी का कहना है कि मालिक का पता लगाया जा रहा है। इस मामले में अगर उसकी संलिप्ता पाई गई, तो उसके विरुद्ध भी केस दर्ज किया जाएगा।

### घर से 168 पाव देशी शराब जब्त

इसी प्रकार विभाग की टीम ने दूसरी कार्रवाई में डीडी नगर थाना क्षेत्र के सांई नगर में रहने वाली रेशमा महानंद सागर के घर छापा मारा। यहां से 168 पाव देशी मदिरा मसाला शराब जब्त की गई। टीम ने घर पर मौजूद रेशमा को भी गिरफ्तार किया है, जो शराब के अवैध कारोबार में संलिप्त है। बताया गया कि महिला आरोपी की महादेव घाट के पास ठेलानुमा दुकान भी है। इस दुकान में वह शराब बेचा करती थी। टीम ने इन दोनों प्रकरण में आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) 59(क) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

### 55 पाव देशी शराब लावारिस हालत में मिली

इस कार्रवाई के दौरान टीम ने कंपोजिट देशी मदिरा दुकान गंजपारा के पास लावारिस हालत में 55 पाव देशी मदिरा मसाला शराब भी बरामद की है। टीम में सहायक जिला आबकारी अधिकारी अल्ताफ खान, डीडी पटेल, टेक बहादुर कुर्रे एवं उपनिरीक्षक गण प्रकाश देशमुख, कौशलकिशोर सोनी, अनुला झाड़े भी शामिल थे।

### रजबंधा मैदान के पास शराब बेचते दो गिरफ्तार

इधर एक अन्य प्रकरण में एंटी क्राइम साइबर एवं मौदहापारा पुलिस की संयुक्त टीम ने रजबंधा मैदान के पास आसिफ खान 24 वर्ष एवं मोहम्मद वसीम अंसारी उर्फ गोलू 39 वर्ष निवासी मौदहापारा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों के कब्जे से 575 पाव अंग्रेजी शराब तथा बिक्री की रकम बरामद की है। पुलिस की पूछताछ पर पता चला कि आसिफ आदतन अपराधिक प्रवृत्ति का है, जो पूर्व में भी आबकारी एक्ट के प्रकरण में जेल जा चुका है, वहीं उसकी मां एवं उसके भाई को भी कुछ दिनों पूर्व ही पुलिस ने आबकारी एक्ट के प्रकरण में जेल भेजा है।

## निधन

### जगदीश वाढेर



रायपुर। चौबे कॉलोनी निवासी वरिष्ठ पत्रकार व रायपुर प्रेस क्लब के मानद सदस्य जगदीश वाढेर (58) का 18 दिसंबर को निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 19 दिसंबर को दोपहर 2 बजे मरवाड़ी शमशानघाट में किया जाएगा। उन्होंने देशबंधु व अमृत संदेश समाचार पत्र में काफी लंबे समय तक अपनी सेवाएं दी थीं।

### रमिया शर्मा



रायपुर। चंगोराभाठा निवासी रमिया शर्मा का 18 दिसंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 19 दिसंबर को सुबह 9 बजे उनके निवास स्थान से महादेवघाट मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे स्व. रामभगवान शर्मा (सेमरा वाले) की पत्नी और ईश्वरीय प्रसाद शर्मा की बहू एवं अजय शर्मा, रीता, सीमा, शशि, प्रीति की माता, शिवेंद्र तिवारी की भाभी थीं।

### एनबी तिर्की

रायपुर। आरएमएस कॉलोनी टैगोर नगर निवासी एनबी तिर्की (75) का 18



दिसंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 19 दिसंबर को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से टिकरापारा कैथोलिक कब्रिस्तान के लिए निकलेगी। वे फांसिस, तारसियुस, फ्लोरेंस, निर्मला की माता थीं।

### शांतिलाल कोठारी

रायपुर। पचपेढ़ी नाका निवासी



शांतिलाल कोठारी का 18 दिसंबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 19 दिसंबर को सुबह 10 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी शमशानघाट के लिए निकलेगी। वे ललित एवं प्रदीप कोठारी के पिता थे।

### गुरु दयाल साहू

रायपुर। छोटा भवानी नगर कोटा



निवासी गुरु दयाल साहू (74) का 17 दिसंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार कोटा मुक्तिधाम में किया गया। वे पुनाराम, जागेश्वर साहू के पिता एवं नवीन साहू के मामा थे।

# मोतीबाग पानी टंकी से 24 घंटे सात दिन पेयजल आपूर्ति जल्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ फिल्टर प्लांट के नए 80 एमएलडी प्लांट में तैयारी शुरू

मोतीबाग पानी टंकी से कनेक्ट वार्डों को 24 घंटे सात दिन पेयजल आपूर्ति योजना के तहत जल्द पेयजल आपूर्ति शुरू होगी। नगर निगम के जल विभाग द्वारा फिल्टर प्लांट के नए 80 एमएलडी प्लांट में इसके लिए तकनीकी तैयारी की जा रही है। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर बुधवार को कार्यपालन अभियंता जल नरसिंग फरेन्द्र ने नए प्लांट का निरीक्षण कर पानी की गुणवत्ता और वाल्व का परीक्षण किया। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के 130 करोड़ की 24 घंटे जल आपूर्ति योजना वाले प्रोजेक्ट से मोतीबाग स्थित प्रदेश की सबसे बड़ी पानी टंकी से जल्द संबंधित वार्डों में



24 घंटे पेयजल आपूर्ति शुरू होगी। जल विभाग के अधिकारियों के मुताबिक वर्तमान में मोतीबाग पानी टंकी को फिल्टर प्लांट से 2 समय जल आपूर्ति के लिए 10 एमएलडी प्रतिदिन के हिसाब से जल आपूर्ति की जा रही है, पर 24 घंटे जल आपूर्ति की योजना शुरू होने पर 4 एमएलडी अतिरिक्त पानी की जरूरत पड़ेगी। फिल्टर प्लांट के प्रभारी अधिकारी नरसिंग फरेन्द्र ने बताया कि मोतीबाग पानी टंकी के कमांड एरिया वाले वार्डों में 24 घंटे जल आपूर्ति नियमित रूप से देने 14 एमएलडी पानी की जरूरत पड़ेगी।

बिजनेस साइट

## मल्टी- एसेट रणनीतियों के साथ जोखिम और रिवॉर्ड का तालमेल बनाना

रायपुर। एक व्यक्ति के रूप में, अनिकेत हमेशा अपने निर्णयों को लेकर सतर्क रहे हैं चाहे वह अपनी आगे की पढ़ाई के लिए इंजीनियरिंग का क्षेत्र चुनना हो या अपने करियर के लिए एक स्थापित मल्टीनेशनल कंपनी का चयन करना हो। हालांकि, कमजोरी के एक क्षण में, उन्होंने अपने वार्षिक बोनस को एक ही स्टॉक में निवेश करने का फैसला किया, जो पिछले साल अच्छा प्रदर्शन कर रहा था, लेकिन जब कंपनी को शासन संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ा तो उनके फंड में गिरावट देखी गई। उन्होंने एसेट आवंटन के सिद्धांत का पालन नहीं किया, जो निवेश करते समय एक गंभीर त्रुटि थी। निवेश की दुनिया में, प्रत्येक एसेट वर्ग एक अलग भूमिका निभाता है - इक्विटी, डेट और सोना जैसी वस्तुएं ऐसे टूल्स हैं, जो संयुक्त होने पर एक अच्छी तरह से बैलेंस्ड पोर्टफोलियो बनाते हैं ।



भोजराज साहू
म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर, रायपुर

**मल्टी- एसेट निवेश के लाभ** - मल्टी- एसेट निवेश की सुंदरता जोखिम को प्रबंधित करने और रिटर्न को अनुकूलित करने की इनबिल्ट क्षमता में छिपा है । विभिन्न एसेट वर्गों में निवेश आवंटित करके, आप विविधीकरण से लाभान्वित होते हैं, किसी एक कैटेगरी में खराब प्रदर्शन के प्रभाव को कम करते हैं । इक्विटी लॉन्गटर्म ग्रोथ को प्रेरित करती है, लेकिन उनकी साइक्लिकल प्रकृति अस्थिरता का कारण बन सकती है। डेट, लगातार रिटर्न का एक स्थिर आधार प्रदान करता है, खासकर अनिश्चित समय में, जबकि सोना जैसे वस्तुएं मुद्रास्फीति और वैश्विक जोखिमों के खिलाफ सुरक्षा कवच के रूप में कार्य करती हैं। मल्टी- एसेट म्यूचुअल फंड इन तत्वों को जोड़ते हैं, जिससे बाजार की स्थितियों की परवाह किए बिना एक आसान निवेश यात्रा सुनिश्चित होती है।


**अस्थिरता के बीच भी टिके रहना**- बाजार की अस्थिरता अक्सर भावनात्मक निर्णयों को ट्रिगर करती है, जिससे संभावित नुकसान होता है । मल्टी-एसेट रणनीतियां विभिन्न एसेट के जोखिम को संतुलित करके इसका मुकाबला करती हैं। जब इक्विटी बाजार में सुधार का सामना करना पड़ता है, तो डेट की स्थिरता या सोने द्वारा दी जाने वाली हेज आपके पोर्टफोलियो को अत्यधिक उतार-चढ़ाव से बचाती है। समय के साथ, यह दृष्टिकोण यह सुनिश्चित करता है कि आप अल्पकालिक बाजार दबावों के आगे झुके बिना अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में बने रहें । ऐसी दुनिया में जहां अप्रत्याशितता आदर्श है, मल्टी- एसेट म्यूचुअल फंड निवेशकों को मानसिक शांति प्रदान करते हुए, धन को बढ़ाने और संरक्षित करने के लिए एक विश्वसनीय, अच्छी तरह से विकसित रणनीति प्रदान करते हैं ।

इसको देखते हुए, निवेशक आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल मल्टी- एसेट फंड पर विचार कर सकते हैं, जो 22 साल के ट्रैक रिकॉर्ड वाला एक अच्छी तरह से स्थापित फंड है। अपनी स्थापना के बाद से, फंड ने 21.20 प्रतिशत (29 नवंबर, 2024 तक) का प्रभावशाली सीएजीआर रिटर्न दिया है । उसी तारीख को, इसने क्रमशः 19.73 प्रतिशत और 20.61 प्रतिशत के तीन साल और पांच साल के सीएजीआर रिटर्न के साथ 22.68 प्रतिशत का मजबूत एक साल का रिटर्न दिया है।

बिजनेस साइट

## पिडिलाइट का रॉफ़ फेविकोल जैसा ब्रांड बनने की राह पर, ग्राहकों की पहली पसंद बना

रायपुर। पिडिलाइट रॉफ़ के लिए ब्रांड अवेयरनेस, उत्पादन क्षमता और डिस्ट्रीब्यूशन बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, जिससे उसे उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में रॉफ़ को भी फेविकोल के समान स्केल और ब्रांड अफेक्शन प्राप्त होगा।




पिडिलाइट इंडस्ट्रीज, स्ट्रेटजिक तौर पर अपने टाइल एडहेसिव ब्रांड, रॉफ़ का विस्तार करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है, क्योंकि भारतीय ग्राहक तेजी से स्पेशलाइज्ड होम सॉल्यूशंस उत्पादों की मांग कर रहे हैं। पिडिलाइट का रॉफ़ विज्ञापन कैम्पेंस के माध्यम से ब्रांड अवेयरनेस बढ़ाने, प्रो-कबड्डी लीग के साथ जुड़ने और आने वाले वर्षों में फेविकोल के समान स्केल को प्राप्त करने के लिए उत्पादन क्षमता और डिस्ट्रीब्यूशन का दायरा बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

श्री सलिल दलाल, चीफ बिज़नेस ऑफिसर, कंस्ट्रक्शन कैमिकल, पिडिलाइट इंडस्ट्रीज का कहना है कि "एक विशाल टाइल मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री के बावजूद, वर्तमान में भारत में हर 100 टाइलों में से केवल 25 टाइलें ही एडहेसिव से जुड़ी होती हैं और बाकी 75 फीसदी टाइल्स सीमेंट से ही जुड़ी होती हैं । हमारा मिशन स्टेटमेंट यह है कि हम भारत में टाइलों को जोड़ने के तरीके को बदलना चाहते हैं। हमारा मानना है कि यह साल-दर-साल 2-3 प्रतिशत की दर से बढ़ेगा और इंडस्ट्री जीडीपी दर से दो गुना से अधिक की दर से बढ़ेगा। इसलिए, हम स्पेशलाइज्ड प्रोडक्ट्स के लिए बढ़ती उपभोक्ता मांग से प्रेरित एक जबरदस्त ग्रोथ के अवसर देख रहे हैं।" आज के शहरी उपभोक्ता अपने घरों को अपग्रेड कर रहे हैं, सरकार का हाउसिग की ओर जोर और छोटे शहरों में मल्टी- ड्वेलर यूनिट्स का निर्माण ऐसे कारक हैं जो इस सेगमेंट की ग्रोथ के लिए काफी अनुकूल हालात प्रदान करेंगे।

रॉफ़ की प्रोडक्ट्स रेंज में टाइल और स्टोन एडहेसिव, टाइल जॉइंट फिलर्स, स्टोन केयर रेंज और टाइल और स्टोन क्लीनर शामिल हैं। श्री सलिल दलाल ने कहा कि "हम ग्रुपो प्यूमा, लिटोकोल और टेनेक्स जैसी प्रमुख कंपनियों के साथ अपने ग्लोबल गठजोड़ के माध्यम से बेस्ट टेक्नोलॉजीज प्राप्त कर रहे हैं। हम भारतीय ग्राहकों के लिए टाइल एडहेसिव और स्टोन फिक्सिंग सॉल्यूशंस में बेस्ट प्रोडक्ट ला रहे हैं।"

## पेज 11 के शेष ...

### सड़कों पर गाड़ियां ....

ओर जहां ट्रैफिक की समस्या से लोग परेशान रहते हैं, वही सकरी सड़क में भीड़ होने से दुघर्टना का अंदेशा बना रहता है। कुछ जगह ऐसी भी स्थिति है, जहां महीनों से सड़क किनारे खड़ी की गई गाड़ियों में धूल-मिट्टी की मोटी परत जम चुकी है। यह स्थिति बूढ़ापारा के सप्रे स्कूल एंट्री गेट से लेकर दुर्गा मंदिर मार्ग, मोतीबाग चौक से ओसीएम चौक वाली सड़क सहित अन्य मार्गो पर देखी जा सकती है। दरअसल, राजधानी में गाड़ियों को सड़क किनारे, नाली के ऊपर पाटा बनाकर या खाली प्लॉट, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के सामने पार्क करने की आदत से राहगीरों सहित दोपहिया, तिपहिया और साइकिल चालकों की परेशानी बढ़ी है।

### मोतीबाग चौक से ....

लाइन से चांदनी चौक वाले मार्ग मोड़ पर चार पहिया गाड़ियों की लाइन से अवैध पार्किंग महीनों से देखी जा रही है, जबकि इस मार्ग में ट्रैफिक दबाव ज्यादा है। ऐसे में सड़क घेरकर गाड़ियों की खरीदी बिक्री के लिए पार्किंग से लोगों को असुविधा हो रही है। लोगों की शिकायत के बाद भी निगम प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। रिंगरोड, पचपेड़ी नाका मार्ग पर पुरानी कबाड़ हो चुकी गाड़ियों को डंप करने से लोग परेशान हैं। यातायात विभाग और नगर निगम उड़न दस्ता द्वारा सड़क पर अतिक्रमण हटाने अभियान चलाया जाता है, पर मानिटरिंग प्रापर नहीं होने से समस्या बनी रहती है। इसके अलावा सदरबाजार, समता कालोनी, चौबे कालोनी, टाटीबंध, पुराने बसस्टैंड की मल्टीलेवल पार्किंग से गणेशराम नगर मार्ग पर अवैध रूप से सड़क पर गाड़ियों की पार्किंग से लोग परेशान हैं।

### एसीआई में फिर ...

उन्हें दूसरे अस्पताल जाकर अपना ऑपरेशन कराने की सलाह देना मजबूरी बन गई। इसके बाद सर्जरी विभाग में अन्य ऑपरेशन तो होते रहे, मगर बाइपास की तरह ओपनहार्ट सर्जरी भी पूरी तरह बंद हो गई। विभाग के चिकित्सक, अस्पताल प्रबंधन किट और रीएजेंट के इंतजाम में लगे रहे, जिसमें सफलता आठ माह बाद मिली है। मंगलवार को एबीजी किट और रीएजेंट लगाने के साथ मशीनों को अपडेट कर लिया गया है। एक-दो दिनों में जरूरतमंद मरीजों को आपरेशन करने भर्ती करने का आदेश भी जारी कर दिया जाएगा।

### 6 करोड़ नहीं ....

प्राचीन धाम है। यहां बंजारी माता के अलावा महादेव, राधा-कृष्ण, भैरवनाथ, हनुमान, नाग देव व अन्य देवी-देवताओं के मंदिर हैं। परिसर में छोटे-बड़े कुल 9 मंदिर हैं। कई देवी-देवताओं की स्थापना पेड़ के नीचे भी की गई है। बंजारी माता मंदिर सहित इन मंदिरों का भी जीर्णोद्धार किए जाने की योजना रविवि ने बनाई थी। रविवि का यह ड्रीम प्रोजेक्ट अब ठंडे बस्ते में चला गया है। निर्धारित राशि जमा नहीं होने के कारण अब प्लान बदले जाने की तैयारी चल रही है। इसमें बदलाव के बाद ही नए सिरे से निर्माण कार्य शुरू हो सकेगा। रविवि प्रबंधन की उदासीनता से भक्तों में भी निराशा है।






# व्यापम ने कहा- डेटा आपके ही पास, इधर... सर्द रात में बीएड अभ्यर्थियों का पैदल मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

बीएड डिग्रीधारियों को उनके पद से हटाकर डीएलएड अभ्यर्थियों को पदस्थ किए जाने संबंधित मामले में अब तक कार्रवाई नहीं की जा सकी है।

पिछले सप्ताह विभाग द्वारा डीएलएड अभ्यर्थियों को नियुक्ति दिए जाने के लिए 15 दिनों का समय मांगा गया था। इसके पूर्व कोर्ट के आदेश की अवमानना संबंधित मामले में सुनवाई के दौरान अपना पक्ष रखते हुए कहा था कि व्यापम द्वारा अब तक कैंडिडेट्स की मेरिट लिस्ट प्रेषित नहीं की जा सकी है। इसके कारण उन्हें अभ्यर्थियों को नियुक्ति देने में परेशानी हो रही है। व्यापम द्वारा इसका जवाब पिछली सुनवाई के पूर्व ही दे दिया गया था। व्यापम ने अपने जवाब में कहा है कि पूरा डेटा आपके पास है।

परीक्षा परिणाम जारी होते ही प्रावीण्य सूची सहित सभी तरह की जानकारी प्रेषित कर दी गई थी। इसके आधार पर ही विभाग द्वारा शुरुआती चरणों की काउंसिलिंग की गई है। सौंपी गई सूची के आधार पर ही आरक्षण व अन्य नियमों के अंतर्गत विभाग द्वारा नियुक्ति की जाती है। व्यापम पृथक रूप से नियुक्ति सूची जारी नहीं करता है।

### अगले सप्ताह देना होगा जवाब

शासन द्वारा मांगा गया 15 दिनों का समय अगले सप्ताह समाप्त हो जाएगा। इसके बाद बीएड परीक्षार्थियों को हटाए जाने तथा उनके स्थान पर नियुक्त किए गए डीएलएड अभ्यर्थियों की जानकारी देनी होगी। विभाग द्वारा इस पर क्या तैयारी की गई है, इसकी जानकारी अब तक साझा नहीं की जा सकी है। बीएड डिग्रीधारियों को हटाए जाने और डीएलएड डिग्रीधारियों को नियुक्ति दिए जाने को लेकर कशमकश की स्थिति बनी हुई है।



**महोबाजार से पहुंचे पचपेढ़ी नाका** : तमाम प्रक्रियाओं के बीच सैकड़ों की संख्या में बीएड डिग्रीधारी सहायक शिक्षक पैदल मार्च करते हुए रायपुर पहुंचे। बुधवार को उन्होंने महोबाबाजार से अपनी पदयात्रा शुरू की। गोल चौक, रिंग रोड होते हुए वे पचपेड़ी नाका पहुंचे। रात्रि लगभग 10 बजे यह पैदल यात्रा पचपेढ़ी नाका पहुंची।

### विधानसभा में भी उठा मुद्दा

मंगलवार को विधानसभा में भी यह मुद्दा उठा था। विधायक धर्मलाल कौशिक ने कहा, जिन बीएड अभ्यर्थियों को निकाले जाने का आदेश न्यायालय द्वारा दिया गया है, वे भी पढ़े-लिखे हैं। यदि विभाग में कहीं पद रिक्त हैं, तो उन्हें वहां नियुक्ति दे देनी चाहिए। उनके भविष्य का सवाल है। बीते कई माह से वे नौकरी कर रहे हैं। आगे से नियम के आधार पर भी भर्ती होनी चाहिए। गौरतलब है कि नौकरी से निकाले जाने संबंधित आदेश से लेकर अब तक अभ्यर्थी कई स्तर पर जन प्रतिनिधियों से मुलाकात कर चुके हैं, लेकिन अब तक उन्हें किसी अन्य पद में भर्ती देने को लेकर निर्णय नहीं हुआ है।

## खबर संक्षेप

### सिंधी काउंसिल ने बांटे कंबल सात दिनों तक चलेगा वितरण



**रायपुर।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई ने निशुल्क कंबल वितरण के दूसरे दिन बुधवार को अर्जुन नगर घड़ी चौक में कंबल वितरण किया गया। इस मौके पर सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया कि, ठंड के मौसम में हमारी कोशिश है कोई भी व्यक्ति ठंड में न सोए। यह कंबल वितरण अभियान सात दिनों तक जारी रहेगा।

### वॉलीबॉल स्पर्धा में रायपुर सड्डू की टीम को मिला प्रथम पुरस्कार



**रायपुर।** सड्डू खेल संघ द्वारा हाउसिंग बोर्ड कालोनी सड्डू के वालीबॉल मैदान में गत दिनों वालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस स्पर्धा में खम्हरिया, रायपुर, कुसमी, टाटीबंध, नयापारा, कोनारी, डंगनिया, सड्डू, बडगांव मंदिर हसौद, ओटगन, उरकुरा सहित आसपास के जिलों की कुल 22 टीमों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में क्षेत्रीय खिलाड़ियों को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का भरपूर मौका दिया गया। स्पर्धा में प्रथम पुरस्कार रायपुर सड्डू की टीम को 15 हजार रुपए एवं कप दिया गया। साथ ही अच्छे खेल का प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को विशेष पुरस्कार भी दिया गया। सड्डू खेल संघ के अध्यक्ष पीसी निर्मलकर ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा के अलावा विधायक राजेश मूणत, सांसद बृजमोहन अग्रवाल सहित अंतरराष्ट्रीय वालीबॉल खिलाड़ी मौजूद रहे।

### पंथी नृत्य के साथ जैतखाम में फहराया गया नया सफेद ध्वज

# राजधानी में धूमधाम से मनाई बाबा गुरु घासीदास जयंती, घर-घर जले दीप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सहित राजधानी में भी बुधवार को सतनामी समाज के लोगों ने बाबा गुरु घासीदास की 268वीं जयंती धूमधाम से मनाई। सुबह से ही सतनामी बहुल बस्तियों में गुरु की अमृतवाणियां गुंजयामान होती रही।

सभी पवित्र जैतखाम परिसर में रंगीन रोशनियों की जगमगाहट रही, लोग अपने घरों के मुख्य द्वार में सफेद रंग से सुंदर रंगोली सजाकर दीप जलाए तथा जयंती पर्व का स्वागत किया। गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के प्रदेश अध्यक्ष केपी खंडे एवं प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया कि, गुढ़ियारी, अंबेडकर चौक स्थित पवित्र जैतखाम में गुरु घासीदास अकादमी समिति से जुड़ी हुई महिलाओं ने अपने-अपने घरों से मालपुआ, महाप्रसादी, फल, फूल, नारियल, पान, सुपारी आदि थाल में सजाकर पवित्र जैतखाम में अर्पित किए। सामूहिक आरती की बाद 18 दिसंबर अमर रहे, जय-जय सतनाम की जयघोष के साथ क्षेत्र के पार्षद सुंदरलाल जोगी ने पवित्र जैतखाम में सफेद ध्वज का नया पालो (झंडा) फहराया। इस दौरान प्रवक्ता चेतन चंदेल, पं. अंजोर दास बंजारे, नोहर घृतलहरे, नरेंद्र कुर्रे, विजय बेर, बंशी मारकंडे, ईश्वर जोगी, राधे घृतलहरे, रुक्मणी जोगी, मीना मारकंडे, शीला बंजारे, भारती बेर, कल्याणी जोगी, सुंदरलाल लहरे, आरके गेंदले, डीएस पात्रे, कपिल, शांति गिलहरे, दामिन टंडन, नीरा लहरे, अमेरिका बाई सहित अनेकों लोग मौजूद रहे।



### राष्ट्रीय संगोष्ठी में विद्वानों ने रखे अपने विचार

न्यू राजेंद्र नगर स्थित अकादमी भवन में आयोजित राष्ट्रीय साहित्य संगोष्ठी के स्वागताध्यक्ष वरिष्ठ साहित्यकार व नगर निगम के पूर्व अपर आयुक्त डॉ.जेआर सोनी थे, जिनके मंचीय संचालन में दिल्ली से पधारे मुख्य अतिथि मोहनदास नैमिशराय ने कहा कि, मनखे-मनखे एक समान का संदेश देकर बाबा गुरु घासीदास जी ने वर्षों पूर्व जो एकता का बीज बोया था आज उसी का फल है कि इंसान में सौहार्दता व आपसी भाईचारा कायम है। अध्यक्षता कर रहे पुलिस महानिरीक्षक रतनलाल डांगी ने कहा कि, गुरु जी के बताएं मार्ग पर चलकर ही हम अपने जीवन को सफल बना सकते हैं। संगोष्ठी को दिलीप वासनिकर (आईएएस), डॉ. सुशील त्रिवेदी (आईएएस), डॉ. परदेसी राम वर्मा, बाबा कमलेश दास लखनऊ, रूप सिंह रांझा हरियाणा, केएल रवि ने भी संबोधित किया।

### मानव जाति के प्रेरणास्रोत हैं बाबा गुरु घासीदास

*छत्तीसगढ़ के महान संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जयंती की प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से बाबा गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर बलौदाबाजार जिले के कलेक्टर परिसर में घटित घटना से जेल में बंद निर्दोषों को निशर्त रिहा करने और संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास के जन्मस्थली जिला बलौदाबाजार का नाम बाबा गुरु घासीदास धाम के नाम पर करने का मांग की है। उन्होंने कहा, बलौदाबाजार जेल में बंद निर्दोषों की रिहाई से ही सही मायने में बाबा की जयंती सार्थक होगी और उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी।*

### 268 दीप जलाकर पंथी गीतों के साथ ध्वजारोहण



सतनामी समाज द्वारा बाबा गुरु घासीदास के 268 वीं अवतरण दिवस के उपलक्ष्य में खमतराई के सतनाम भवन में दो दिवसीय बाबा गुरु घासीदास जयंती समारोह का आयोजन किया गया है। आयोजन के पहले दिन सुबह 5 बजे सतनाम भवन के गुरु गद्दी व जोड़ा जैतखाम के समक्ष 268 दीप जलाकर रोशनी की गई। इसके बाद मोहल्ले में समाजजनों ने उत्साहपूर्वक प्रभातफेरी निकाली। सुबह 7 से 10 बजे तक मंगल भजन ,दोपहर 12 बजे गुरु गद्दी की पूजा - अर्चना के बाद पंथी गीत के के साथ जोड़ा जैतखाम में ध्वजारोहण किया गया। सतनामी समाज के अध्यक्ष सुरेश लहरे,सचिव गोविंद सोनवानी ने बताया कि गुरुवार प्रातः 05 बजे से सतनाम प्रभातफेरी और 8 बजे से मंगल भजन - पंथी नृत्य की प्रस्तुति होगी। दोपहर 2 बजे से भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी तथा रात्रि के समय आमंत्रित अतिथियों का स्वागत व गुरु जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला जायेगा । जयंती समारोह के मुख्यअतिथि पूर्व मंत्री एवं विधायक राजेश मूणत होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता - सत्यनाम सेवा संघ के प्रदेशाध्यक्ष राजमहंत सुन्दर लाल लहरे करेंगे।

# धान खरीदी नीति में बदलाव सूखत के लिए वित्त विभाग को भेजा जाएगा प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर छत्तीसगढ़ में हर साल होने वाली धान खरीदी के दौरान जब धान खरीदा जाता है, तो उसमें 17 प्रतिशत नमी होती, लेकिन महीना-दो महीना धान खरीद केंद्रों में रखा होने के कारण सूखने से धान का वजन कम हो जाता है, लेकिन सोसाइटियों को सूखत के नुकसान के बदले कोई राशि नहीं दी जाती।

सरकार ने 2024-25 के लिए धान उपार्जन की जो नीति बनाई है, उसमें सूखत की भरपाई के लिए प्रावधान किया गया है। अब प्रावधान ये है कि धान खरीदी की अंतिम तिथि के एक माह बाद भी धान का उठाव नहीं होता है तो सोसाइटी को होने वाले सूखत के नुकसान की भरपाई के लिए वित्त विभाग को प्रस्ताव भेजा जाएगा। राज्य में धान के सूखत से होने वाले नुकसान का मुद्दा हर साल की धान खरीदी के दौरान सामने आता रहा है। पूर्व के वर्षों में सूखत का लाभ मार्कफेड को मिलता था। मार्कफेड के गोदाम में रखा गया धान सूखने पर एक प्रतिशत के हिसाब से राशि का प्रावधान था, लेकिन असल में सूखत का नुकसान सोसाइटियों के हिस्से में आता था। अब सरकार ने इस संबंध में नया प्रावधान किया है।



### खरीदी समाप्त होने के एक माह बाद सूखत की गणना

अब नई नीति में जो प्रावधान किया गया है, उसमें जो प्रावधान किया गया है, जानकार कहते हैं कि इस प्रावधान में स्थिति साफ नहीं है, यही कारण है कि सोसायटी संचालकों को लगता है कि सूखत का कोई लाभ उनके हिस्से नहीं आने वाला है। इसके पीछे गड़बड़ी ये है कि प्रावधान में कहा गया है कि धान खरीदी की अंतिम तिथि के बाद मार्कफेड द्वार खरीदी केंद्रों में भंडारित समस्त धान को एक माह के भीतर मिलर एवं परिवहन कर्ताओं के माध्यम से उठाव कराया जाएगा। यदि एक माह के बाद भी खरीदी केंद्र में धान शेष रह जाता है तो उठाव के लिए शेष धान की मात्रा पर समिति को सूखत प्रदान करने के लिए खाद्य विभाग द्वारा प्रस्ताव वित्त विभाग को भेजा जाएगा।

### शार्टेज नहीं तो राशि बैंक को मिलेगी

नई नीति में एक और प्रावधान ये है कि अगर किसी उपार्जन केंद्र (खरीद केंद्र) में निरंक शार्टेज आएगा, तो उन समितियों द्वारा खरीदे गए धान पर प्रति क्विंटल पांच रूपए की दर से बैंक व्यय प्रतिपूर्ति की राशि का भुगतान संबंधित जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, रायगढ़ व जशपुर जिले के मामले में अपेक्स बैंक को किया जाएगा। किसी भी जिले के लिए उस जिले में हुए धान उपार्जन के लिए अधिकतम 2 करोड़ रूपए दिए जाएंगे।

### जोन अध्यक्ष मन्नू यादव के निधन पर महापौर, सभापति ने दी श्रद्धांजलि

- पार्षदों और नगर निगम अधिकारी कर्मचारी एकता संघ ने शोक जताया

**रायपुर।** नगर निगम जोन 5 अध्यक्ष और वामनराव लाखे वार्ड पार्षद मन्नू विजेता यादव के आकस्मिक निधन पर महापौर एजाज ढेबर, सभापति प्रमोद दुबे सहित निगम अधिकारी कर्मचारी एकता संघ ने श्रद्धांजलि अर्पित की है। जोन 5 के जोन अध्यक्ष मन्नू विजेता यादव का मंगलवार की रात्रि में निधन हो गया। उनका निधन होने पर महापौर एजाज ढेबर, सभापति प्रमोद दुबे, नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, उप नेता प्रतिपक्ष मनोज वर्मा सहित सभी एमआईसी सदस्यों, पार्षदों ने शोक व्यक्त कर श्रद्धांजलि दी। नगर निगम रायपुर अधिकारी कर्मचारी एकता संघ के कार्यकारी अध्यक्ष प्रमोद जाधव, उपाध्यक्ष मोहित दर्रो, श्याम सोनी, महामंत्री आशुतोष सिंह, राधेश्याम एक्का, महासचिव अंशुल शर्मा, सैयद जोहेब, सचिव नीतीश झा, योगेश कडु सहित सभी पदाधिकारियों ने दिवंगत आत्मा को शान्ति प्रदान कर उनके परिजनों को दुःख को सहने शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

## बिजनेस साइट

### सूत्रा के फैशन और लाइफस्टाइल एग्ज़ीबिशन को मिल रहा शानदार रिस्पांस



**रायपुर।** सूत्रा द्वारा 18 से 20 दिसंबर तक रायपुर के द ट्राइटन बाय श्यामा होटल्स एंड रिसॉर्ट्स में आयोजित फैशन और लाइफस्टाइल एग्ज़ीबिशन ने पहले ही दिन जबरदस्त रिस्पांस हासिल किया। फैशन प्रेमियों की भीड़ ने इस प्रदर्शनी में आकर बेहतरीन कलेक्शन का लुत्फ उठाया। एग्ज़ीबिशन में कपड़े, ज्वेलरी, फुटवियर, क्लचेस और मैचिंग एसेसरीज़ जैसी विविधता देखने को मिली। इस प्रदर्शनी में वेस्टर्न वियर, ज्वेलरी, फुटवियर और अन्य फैशन एसेसरीज़ को पेश किया गया है, जिन्हें प्रतिभाशाली डिज़ाइनर्स ने डिजाइन किया है। सूत्रा एग्ज़ीबिशन का उद्देश्य भारतीय फैशन को बढ़ावा देना है, जिसमें हर प्रोडक्ट में भारतीय संस्कृति की झलक भी देखी जा सकती है।

सूत्रा भारत भर में प्रीमियम और आधुनिक फैशन एग्ज़ीबिशन आयोजित करता है, जो लक्ज़री और स्टाइलिश इंडियन वियर का बेहतरीन कलेक्शन पेश करता है।

# सड़क पर उतरे छात्र, गृहमंत्री का फूंका पुतला, किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



डॉ.भीमराव आंबेडर पर गृहमंत्री अमित शाह के बयान को लेकर राजधानी में भी छात्र सड़क पर उतर आए। विरोध-प्रदर्शन करते हुए उन्होंने गृहमंत्री से माफी मांगने की मांग की है। प्रदर्शन के दौरान एनएसयूआई ने राजीव गांधी चौक में गृहमंत्री का पुतला फूंकते हुए जमकर नारेबाजी की। छात्रों के प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस बल भी तैनात की गई थी। हालांकि बल प्रयोग या किसी तरह की झूमा-झटकी की स्थिति निर्मित नहीं हुई। इस दौरान कुछ देर के लिए यातायात बाधित भी रहा।

*संविधान देश का पवित्र ग्रंथ : एनएसयूआई ने कहा, संविधान देश का पवित्र ग्रंथ है। इससे देश चलता है और इसके रचयिता बाबासाहेब हैं। अमित शाह ने जिस प्रकार के शब्दों का प्रयोग उनके लिए किया, वह निदंनीय है। कांग्रेस संविधान का सम्मान करती है। इसकी रक्षा के लिए हमेशा संसद से सड़क तक आवाज बुलंद करेंगे। अपने बयान के लिए अमित शाह को देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। प्रदेशाध्यक्ष नीरज पांडे, जिलाध्यक्ष शांतनु झा, अमित शर्मा, हेमंत पाल, निखिल बघेल, कुणाल दुबे, वैभव मुंजेवार, पुनेश्वर लहरे, तारिक अनवर, गावेश साहू सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता प्रदर्शन का हिस्सा रहे।*









हरिभूमि लाइव
रायपुर, गुरुवार 19 दिसंबर 2024
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937







# सर्द रात को कवियों ने भाव-धाराओं से किया गर्म, हरिओम को सुनने डटे रहे श्रोता

### इंडोर स्टेडियम में लल्लूराम डॉट कॉम के देशी टॉक शो, न्यूज -24 के साथ हरिभूमि ने सजाई महफिल

*'सर्द रात को कवियों के भाव धाराओं ने ऐसा गर्म किया कि इसमें रसिक श्रोता देर-रात तक रमें रहे। यह अवसर इस बार भी श्रोताओं के लिए लल्लूराम डॉट कॉम, न्यूज 24 और हरिभूमि ने देते हुए ऐसी काव्य की महफिल सजाई की, इसमें कवि प्रेमी रमने के लिए जहां रात 8 बजे से पहुंचने लगे थे। वहीं, रात 10 बजे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, डिप्टी सीएम अरुण साय ने सम्मेलन का शुभारंभ किया।'*

रायपुर। शहर के बूढ़ापारा स्थित इंडोर स्टेडियम में इस बार सजाई गई कवियों की महफिल में आयोजन संस्था के मनोज बघेल, अमित जैन, राजकुमार ने आयोजन को सफल बनाने का सुन्दर प्रयास किया था। इसमें अतिथि के रूप में नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, विधायक राजेश मूणत, सच्चिदानंद उपासने, नंद कुमार साय सहित हरिभूमि आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सौहार्द का माहौल है। यह कवि सम्मेलन में देखने को मिल रहा है। मंत्रियों की संख्या बढ़ाने को लेकर चुटकी लेते हुए कहा कि केन्द्र के दो लोग जिस दिन चाह लेंगे, उस दिन नए मंत्री भी तय हो जाएंगे। इसके मुख्य अतिथि के आगमन पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने विधिवत प्रोग्राम का आगाज किया।





## गर्मजोशी से पवार का स्वागत

*डॉ. सुनील जोगी ने भी काव्य पाठ से श्रोताओं को गदगद किया। इनके बाद काला धन..., मै मरते लोकतंत्र का बयान हूं... जैसे कई चर्चित कविताओं की धारा का प्रवाह लेकर जब मंच पर वीर रस के कवि हरिओम पवार आए तो लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।*

## पवार जर्सी गाय मैं देशी हूं ...

मंच पर स्वयं श्रीवास्तव ने 'पत्थर की चमक है न नगीने की चमक..., और इक महल की चौखटों ने इक महल के द्वार ने हमको अपमानित किया...' जैसे कविताओं से लोगों का मन मोह लिया। उनके हर नज्म को लोगों ने सराहा। इसके बाद आए पद्मश्री डॉ. सुरेन्द्र दुबे ने अपने अंदाज में आते ही लोगों को गुदगुदाने का प्रयास किया। सीएम साय के साथ डिप्टी सीएम विजय शर्मा की चुटकी लेते हुए उनके कार्यों को सराहा। कहने लगे हरिओम पवार मंच की जर्सी गाय हैं। मेरा क्या है मैं देशी गाय हूं, आया हूं पाव, दो पाव देकर चले जाऊंगा।

## सेहत से मैं जवान था 70 का ...

मंच संचालन करते हुए सबसे पहले डॉ. सुनील जोशी ने सरस्वती वंदना के लिए अनामिका अंबर को आवाज दी। उन्होंने आते ही संस्कृत की पंक्तियों से ओतप्रोत सरस्वती वंदना गाते हुए कवियों के लिए माहौल तैयार किया। इसके बाद पहले क्रम में कवि रमेश ने श्रोताओं के बीच कविता की ऐसी धारा बहाई कि लोग इसमें रमते चले गए। यह सिलसिला सेहत से मैं जवान था, 70 का हो गया, आंधी से उड़ाए हुए खप्पर सा हो गया....,ने हर श्रोता को हंसने का अवसर दिया। हमने देखे तुम्हारे कुंवारे नयन, क्या बताएं कि कितने हैं प्यारे नयन..., से खूब वाहवाही लूटी।

## अनोखे अंदाज से गुदगुदाए

डॉ. अनिल चौबे ने मंच पर आते ही श्रोताओं के बीच कहा कि मैं देखने में सुन्दर नहीं हूं, लेकिन कवि बहुत बड़ा है। ऐसा कोई कहता नहीं, इसलिए हम खुद बता देते हैं। नया -नया टीवी जब खरीदा गया घर पसर गए बाबूजी..., बच्चे ने स्कूल से आने के बाद कहा पापा मेरी मैडम कंटाफ है। मैंने कहा, मैडम जी मां समान होती है, यूपी का बेटा नाराज होकर बोला, आप तो हमेशा अपने ही इंतजाम में लगे रहते हैं। ऐसे होता है बच्चों में संस्कार का निर्माण। उन्होंने कई तरह के संवादों और लतीफों से लोगों को गुदगुदाया।





## कभी दरिया के भीतर भी समंदर

*घर से भागने वाले युवाओं को लेकर पद्मश्री डॉ. दुबे ने भावपूर्ण कविता सुनाते हुए एक पिता और मां की व्यथा को शब्दों से बुनने का सुन्दर प्रयास किया। इसके बाद मंच पर आई अनामिका अंबर ने 'कभी दरिया के भीतर भी समंदर जाग उठता है, मिले सम्मान हीरे का तो पत्थर जाग उठता है...,। मेरे अंदाज को अपना अलग अंदाज दे देना, चली आऊंगी मै सब छोड़ कर...।' इस तरह से अनामिका के स्वर का जादू शुरू हुआ जो जैसे-जैसे आगे बढ़ा, मंच संचालन करते हुए डॉ. सुनील जोशी ने चुटकी लेते नजर आए।*





---

**लाइव इवेंट**

# यूनिवर्ससिटी कॉमन एंट्रेंस टेस्ट पास करने वालों को देगा छात्रवृत्ति



**रायपुर।** देशभर के छात्रों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में आर्थिक तंगी अब बाधा नहीं बनेगी। विद्यार्थियों की शिक्षा में बेहतरी के लिए इस बार भी देश की नंबर वन निजी यूनिवर्सिटी ने टर्निंग पाइंट स्क्वायर शंकर नगर में सीयूसीईटी लॉच किया है। 2025 में भी छात्रवृत्ति देने के लिए बजट तय की गई है। इसके बारे में बुधवार को चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में चांसलर के सलाहकार प्रो. डॉ. आर.एस बावा और छत्तीसगढ़ स्टेट क्वॉडिनेटर विकास पुरी ने पत्रकार वार्ता में छात्रवृत्ति के संदर्भ में जानकारी दी। बताया कि हर साल की तरह 2025 में भी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति देने की पहल होगी। इसे पास करने वाले विद्यार्थी चंडीगढ़ के साथ ही लखनऊ में संचालित यूनिवर्सिटी में भी पढ़ सकेंगे। दोनों के लिए 210 करोड़ की छात्रवृत्ति तय है।

## ऑनलाइन देना होगा टेस्ट

*श्री बावा ने आगे बताया कि बुधवार को सीयूसीईटी लॉच किया है। रजिस्ट्रेशन करवाने के बाद ही छात्र ऑनलाइन टेस्ट का हिस्सा बनेंगे। इसमें कॉलेज में प्रथम वर्ष के लिए छात्रों से 12वीं बेस पर टेस्ट लेंगे। इसके अलावा पीजी में प्रवेश के लिए ग्रेजुएशन के सिलेबस से जुड़े सवाल शामिल होंगे। इसे पास करने वाले विद्यार्थी को प्राथमिकता देंगे। चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के लिए 170 करोड़ की छात्रवृत्ति तय है। वहीं, लखनऊ यूनिवर्सिटी में पढ़ने के लिए टेस्ट पास करने वालों को 40 करोड़ की छात्रवृत्ति दी जाएगी।*

## प्लेसमेंट में ही जॉब ऑफर

*उन्होंने बताया कि 28 राज्यों व 8 केन्द्र शासित प्रदेशों के 1.30 लाख विद्यार्थियों ने यूनिवर्सिटी द्वारा दी जाने वाली छात्रवृत्ति का लाभ लिया है। छत्तीसगढ़ के संदर्भ में बात करूं, तो यहां के 434 विद्यार्थियों को अभी तक प्लेसमेंट में देशी-विदेशी कंपनियों ने जॉब ऑफर किया। इनमें 21 छात्र ऐसे भी हैं, जिनको कई कंपनियों से जॉब ऑफर हुए हैं। कहने का मतलब यह है कि यूनिवर्सिटी उन्हें कोर्स की पढ़ाई कराने के साथ ही वर्तमान जरूरत के लिहाज से भी सक्षम बना रही है। इससे उन्हें पढ़ाई के दौरान जॉब मिलते हैं।*

---

आयुर्वेद महाविद्यालय के चिकित्सालय में उमड़ी अभिभावकों की भीड़

# बीमारी से बचाने व स्मरण बढ़ाने स्वर्ण प्राशन, दवाओं का दिया रक्षा किट

**रायपुर।** बच्चों की सेहत को ध्यान में रखते हुए बीमारी से बचाने और स्मरण शक्ति बढ़ाने के साथ पाचन शक्ति, शारीरिक शक्ति के लिए बुधवार को स्वर्ण प्राशन और रक्षा किट का वितरण किया गया। रोगों से बचाव के लिए शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय के चिकित्सालय में 2702 बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया गया। इसके साथ ही विभिन्न रोगों से रोकथाम और इम्युनिटी बढ़ाने के लिए 350 बच्चों को पांच दवाओं से तैयार किया गया बाल रक्षा किट भी दिया गया। आयुर्वेद महाविद्यालय के चिकित्सालय में कौमारभृत्य विभाग द्वारा हर पुष्य नक्षत्र तिथि में शून्य से 16 वर्ष के बच्चों को स्वर्णप्राशन दिया जाता है। इसके साथ ही डॉ. लवकेश चंद्रवंशी ने बच्चों के स्वास्थ्य का परीक्षण भी किया।






## छात्र-छात्राओं ने दिया सहयोग

चिकित्सालय में स्वर्ण प्राशन के साथ बच्चों को लेकर आए 432 अभिभावकों का भारत सरकार के 'देश का प्रकृति परीक्षण' अभियान के तहत प्रकृति परीक्षण किया। आयुष विभाग की संचालक सुश्री इफ्फत आरा, प्राचार्य प्रो. डॉ. जी.आर. चतुर्वेदी, चिकित्सालय अधीक्षक प्रो. डॉ. प्रवीण जोशी और कौमारभृत्य विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. नीरज अग्रवाल के निर्देशन में स्वर्णप्राशन कराया गया। विभाग की व्याख्याता डॉ. सत्यवती राठिया, स्नातकोत्तर एवं स्नातक के छात्र-छात्राओं ने हर महीने की तरह इस बार भी योगदान दिया।

## वर्षभर का दिया लेखा-जोखा

बच्चों की सेहत की बेहतरी के लिए आयुर्वेद महाविद्यालय के चिकित्सालय द्वारा इस वर्ष के अन्य पुष्य नक्षत्र तिथियों 25 जनवरी को 1235, 21 फरवरी को 1420, 18 मार्च को 1720 ने स्वर्णप्राशन किया गया। वहीएं 16 अप्रैल को 1410, 13 मई को 1256, 10 जून को 1802, 8 जुलाई को 1342, 3 अगस्त को 1370, 30 अगस्त को 1660, 26 सितम्बर को 2046 बच्चों को दवा दी गई। वहीएं 24 अक्टूबर को 2216 और 20 नवंबर को 2211 बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया गया। इसमें हर क्षेत्र के बच्चे शामिल थे।

---

# क्रिसमस पर निकलेगी मेगा रैली प्रभु यीशु के स्लोगन से सजेगा उत्सव



**रायपुर।** इस बार भी प्रभु यीशु के जन्म का जुबली ईयर शुरू होने जा रहा है। इससे वर्षभर चलने वाले प्रोग्राम की शुरुआत 25 दिसंबर को खीस्त जन्मोत्सव से हो रही है। इससे पहले क्रिसमस सद्भावना मेगा रैली 22 दिसंबर को सुबह साढ़े 10 बजे निकाली जाएगी। इस प्रांत स्तरीय रैली में छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्र से मसीही समाज के लोग शामिल होंगे। प्रभु यीशु के प्रेम संदेश, छत्तीसगढ़ की संस्कृति, भाईचारे व सद्भावना की झलक दिखेगी। हिंदू, मुस्लिम, सिख, जैन, बौद्ध व पारसी धर्मों के धर्मगुरु व प्रतिनिधि भी शिरकत करेंगे। रैली की अगुवाई बिशप विक्टर हैनरी ठाकुर, डायसिस की बिशप डॉ. सुषमा कुमार भी शामिल होंगी।

## झांकियां इस बार होगी खास

रैली को लेकर शहर में जोरदार तैयारी की जा रही है। इस संबंध में मसीही समाज की बैठकें सेंट पॉल्स कैथेड्रल व सेंट जोसफ महागिरजाघर बैरनबाजार में हो चुकी हैं। रैली में प्रभु यीशु के जन्म से संबंधित झांकियां होंगी। गायन दल छत्तीसगढ़ी, हिंदी, अंग्रेजी में कैरोल गायन करेंगे। ग्रीन रायपुर -क्लीन रायपुर को लेकर सफाई का संदेश दिया जाएगा। रैली के संयोजक जॉन राजेश पॉल और नितिन लॉरेंस ने इस क्रिसमस सद्भावना रैली को लेकर बताया कि करीब दस सालों से यह एकता का संदेश देने निकाली जा रही है।

---

**मौसमी सब्जियों का सलाद रात के भोजन में रखें**

**कार्नर न्यूज**

# सर्दियों में शरीर को डिहाइड्रेशन से बचाने के लिए भोजन में शामिल करें मौसमी फलों का जूस



**रायपुर।** वर्तमान में शरीर को स्वस्थ्य रखना, व्यक्ति की सबसे बड़ी चुनौती बन गई है। जहां रख-रखाव के साथ खान-पान पर भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता होती है। ठंड के मौसम में बुजुर्ग और बच्चों को सबसे अधिक सर्दी-जुकाम की संभावना होती है। इसके साथ ही डिहाइड्रेशन की समस्या भी देखने को मिलती है। बदलते मौसम के साथ वॉटर इंटेक की मात्रा कम होने से डिहाइड्रेशन का सामना करना पड़ता है, जो किसी भी एज ग्रुप में देखा जा सकता है। इससे बचाव के लिए डेली डाइट में वॉटर इंटेक के लिए डाइट प्लान तैयार करने की जरूरत है। जिससे शरीर में नियमित मात्रा में पानी की कमी पूरी की जा सके। डाइटिशियन के अनुसार, ठंड के मौसम में कम पानी पीने से शरीर की जरुरी प्रक्रियाओं पर बुरा असर पड़ सकता है। जिससे त्वचा रुखी, बालों का अधिक झड़ना, इम्यूनिटी सिस्टम में बदलाव देखा जा सकता है। अच्छे स्वास्थ्य के लिए सुबह, दोपहर और रात के भोजन में पानी की मात्रा को बढ़ाने के लिए जूस और शिकंजी का प्रयोग किया जा सकता है। इस दौरान मौसमी फल एवं सब्जियां सबसे सरल उपायों में शामिल है।

## सुबह गुनगुना पानी का प्रयोग

डाइटिशियन भुनेश्वरी साहू ने बताया, इन दिनों बच्चों से लेकर बुजुर्गों में डिहाइड्रेशन की समस्या देखने को मिलती हैं। जिसके लिए सुबह नास्ते में मौसमी फल, गुनगुना पानी, आंवला-संतरा का जूस, मट्ठा शेक का सेवन अधिक से अधिक करें। शरीर में पानी की समस्या को दूर करने के लिए भोजन में एक बाउल सलाद लें, जो पानी की समस्या को दूर करते हुए शरीर को विटामिन पहुंचाने का प्रयास करता है।



## वॉटर इंटेक के लिए मौसमी फल फायदेमंद

डाइटिशियन डॉत्जिूली पाण्डेय ने बताया, शरीर में वॉटर इंटेक कम होने से डिहाइड्रेशन की समस्या होती हैं। शरीर में पानी की कमी होने पर अनेक उपाय से इसे दूर किया जा सकता है। जिसके लिए सुबह दिन की शुरूआत गुनगुने पानी से करे। दोपहर के भोजन में जूस और शिकंजी को एड करे। वॉटर इंटेक के लिए मौसमी फल सबसे अच्छा उपाय है, जिससे कम समय में ही शरीर की समस्या दूर की जा सकती है। एक रात पहले आवला, नीबू और पानी का मिश्रण तैयार कर बर्तन में रखें, जिसे दूसरे दिन सुबह नास्ते में शामिल करें। इसे विटामिन सी, मिनरल और डाइजेशन के लिए बेहतर जूस माना जाता है।



**समाज इवेंट**

## ठंड से लोगों को बचाने महाराष्ट्र मंडल ने किया कंबल वितरण



**रायपुर।** भीषण ठंड में जरूरतमंद लोगों की मदद करने के उद्देश्य से कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाराष्ट्र मंडल द्वारा डॉ. भीमराव अंबेडकर अस्पताल पर मौजूद मरीजों के परिजनों की सहायता की गई। अस्पताल परिसर स्थित कैंसर भवन में मौजूद मरीजों के परिजनों में 50 से अधिक कंबलों का वितरण किया गया। मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले ने बताया, बीते कई सालों से ठंड में जरूरतमंद लोगों में कंबल एवं कपड़े वितरण का कार्य निरंतर जारी हैं। सर्दी के मौसम में फुटपाथ, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, कॉम्प्लेक्स और सरकारी स्थानों में कार्य रहेगा। इस दौरान सचिन चेतन गोविंद दंडवते, संत ज्ञानेश्वर स्कूल के प्रभारी परितोष डोनगांवकर, रविंद्र ठेंगड़ी मुख्य रुप से उपस्थित रहे।

### संत ज्ञानेश्वर स्कूल का वार्षिकोत्सव


महाराष्ट्र मंडल द्वारा संचालित संत ज्ञानेश्वर स्कूल का वार्षिकोत्सव का आयोजन आज किया गया है। इस अवसर पर 'धरोहरः एक विरासत' थीम पर उत्सव का आयोजन किया गया, जहां स्कूली छात्रों द्वारा आनंद मेला में स्टॉल सजाया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान भारतीय संस्कृति, परंपरागत नृत्य-संगीत, तीज-त्योहार के गानों पर प्रस्तुति दी जाएगी। स्कूल के प्रभारी परितोष डोनगांवकर ने बताया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंडल के सदस्य रोहित काले होंगे। वार्षिकोत्सव का आयोजन शाम 4 बजे से मंडल के सभागार में आयोजित किया गया है।

**राजधानी के होटलों ही नहींए मैरिज पार्क व फार्म हाउस में भी मचेगी धूम, कपल्स के लिए पैकेज**

# रंगीन लाइटों से रोशन हो रहे फार्म हाउस व विला, लाइव म्यूजिक से होगा नववर्ष का स्वागत

**नववर्ष का स्वागत करने के लिए इस बार भी बड़े होटलों, फार्म हाउसों को रंगीन लाइटों से रोशन भी किया जाने लगा है। शोर-गुल से दूर रहते हुए खुशनुमा माहौल में समय बिताने का शौक रखने वालों ने फार्म हाउसों की सुध लेनी शुरू की है। जिनके द्वारा हर साल खास साज-सज्जा के साथ पैकेज दिए जाते हैं। जो लोग पिछले साल स्लॉट बुक कराने से चूके थे, ऐसे लोग इस बार पहले से ही बुकिंग कराते हुए पैकेज का लाभ ले रहे हैं।**

**रायपुर।** साल 2025 को सेलिब्रेट करने वालों की तैयारी शुरू हो गई है। वीआईपी रोड, काठाडीह और आमानाका इलाके में फार्म हाउसों में बुकिंग का दौर शुरू हो गया है। इसमें कई फार्म हाउस ऐसे हैं, जहां लोग फैमिली के साथ नया साल मनाने जाते हैं। बढ़ते क्रेज को देखते हुए कई फार्म हाउसों में पैकेज की सुविधा भी देने लगे हैं। इसे देखते हुए लोग अभी से फार्म हाउसों का रूख करने लगे हैं। नौकरीपेशा और व्यापारी वर्ग ही नहीं, दूसरे शहरों से आने के बाद परिवार से दूर रहने वाले भी नए साल को खुशनुमा माहौल में मनाने के लिए फार्म हाउसों में जाने लगे हैं। इसे देखते हुए फार्म हाउसों की साज सज्जा ऑनर्स करवा रहे हैं। इसमें किसी फार्म हाउस में लोगों को सेलिब्रेशन, तो किसी जगह फैमिली को खुशनुमा माहौल देने पैकेज भी दिए जाते हैं।



### धूम मचाएंगे विदेशी कलाकार

नववर्ष के स्वागत में इस बार ललित महल के हाल में विदेशी कलाकार धूम मचाने वाले हैं। यहां के जीएम अजय कर्ण ने बताया कि इसके लिए बुकिंग अभी शुरू नहीं की गई है। ग्रुप तय होने के बाद ही पैकेज तय करेंगे। वहीं, क्लब के मैनेजर आफरीन ने बताया कि क्लब में इस बार प्रति व्यक्ति 4 हजार में एंट्री के लिए ऑनलाइन बुकिंग का सिलसिला शुरू हो गया है। इस बार धूम मचाने के लिए क्लब में भी करीब 20 कलाकारों का ग्रुप मौजूद रहेगा। जो लोगों को उत्सव में इस बार झूमने के लिए मजबूर करेगा।

### एंट्री व खान-पान का पैकेज

शहर के बेबीलॉन केपिटल में इस बार नववर्ष के स्वागत की धूम रहेगी। जीएम संजय राउतराय ने बताया कि न्यू ईयर में इस बार कोलकाता के सिंगर्स को बुलाने की प्लानिंग है। इसमें कपल्स को सेलिब्रेट करने के लिए साढ़े सात हजार में एंट्री दी जाएगी। इसके अलावा जो कपल्स होटल में ही रहते हुए नववर्ष का स्वागत करना चाहते हैं। उनके लिए इस बार साढ़े 12 हजार का पैकेज तय किया गया है। इसके लिए जो लोग बुकिंग करवा रहे हैं, उन्हें बताया जा रहा कि एक जनवरी को शाम 4 बजे तक सुविधा दी जाएगी।





### इंदौर का म्यूजिकल ग्रुप होगा

हर साल की तरह होटल सायाजी में इंदौर की म्यूजिकल टीम को बुलाने की तैयारी है। होटल के हरेन्द्र शर्मा ने बताया कि अभी तक रेट और प्रोग्राम में कौन से कलाकार प्रस्तुति देने के लिए आएंगे यह तय नहीं हुआ है। लेकिन, सेलिब्रेशन के लिए नीचे रेस्टोरेंट और ऊपर होराइजन में तैयारी का दौर जारी है। दोनों ही जगह अलग-अलग म्यूजिकल ग्रुप के द्वारा लाइव प्रस्तुति दी जाएगी। इस बार भी कपल्स को प्रवेश देने के लिए पैकेज तय किए जाएंगे। इसके लिए सप्ताहभर पहले बुकिंग का सिलसिला तेज होगा।

**लाइव इवेंट**

## आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का महत्व बताने व्याख्यान




**रायपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। जहां 'इमर्जिंग टेक्नोलॉजी एंड एप्लीकेशन इन इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग' विषय पर व्याख्याता द्वारा संबोधन दिया गया। इसमें मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के प्रबंधक भीम सिंह कंवर, विशेष अतिथि एनआईटी के डायरेक्टर डॉ. एनवी रमना राव उपस्थित रहे। डॉ. एनवी रामना राव ने स्मार्ट ग्रिड, ऊर्जा पूर्वानुमान, बैटरी भंडारण और इलेक्ट्रिक वाहनों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भूमिका पर जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और इंटरनेट ऑफ थिंग्स का उपयोग कृषि और सामुदायिक ऊर्जा उत्पादन में भी किया जा सकता है। जो किसानों के लिए फायदेमंद साबित होने वाली हैं।

### दो दिवसीय सम्मेलन का प्रारंभ

सम्मेलन में उन्नत और उभरती तकनीकों पर चर्चा की गई।। जिसमें पावर इलेक्ट्रॉनिक्स, नवीकरणीय ऊर्जा, उन्नत सेमीकंडक्टर्स, ऊर्जा भंडारण, ऑप्टिक्स व फोटोनिक्स, स्मार्ट ग्रिड नियंत्रण तकनीकों पर जानकारी साझा की गई। साथ ही पावर ग्रिड की सुरक्षा और नियंत्रण, उच्च वोल्टेज अभियांत्रिकी और पावर जनरेशन, ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग के अनुप्रयोगों पर भी चर्चा किया गया। सेमिनार के आरंभ में डॉ. अनामिका यादव ने अपने संबोधन में कहा, सम्मेलन में कुल 250 से अधिक शोध पत्र प्रस्तुत किए गए हैं, जिनमें से 70 का चयन किया गया है। इन शोध पत्रों में भारत, चीन और सऊदी अरब के शोधकर्ताओं ने भी भाग लिया। व्याख्यान में नेटवर्किंग और विचारों के आदान-प्रदान की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया।

**तीन दिवसीय राज्य स्तरीय फल-फूल, सब्जी प्रदर्शनी 10 से ...**

## गांधी उद्यान में अब फूलवारी सजाने की तैयारी

**रायपुर।** प्रकृति की ओर सोसाइटी, उद्यानिकी विभाग छत्तीसगढ़ शासन, जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड, आईजीकेवी और नगर निगम के संयुक्त तत्वावधान में राज्य स्तरीय फल, फूल, सब्जी प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा। यह आयोजन सिविल लाइन स्थित गांधी नेहरू उद्यान में 10-12 जनवरी 2025 को आयोजित किया जा रहा। इस अवसर पर बुधवार को कृषि मंत्री रामविचार नेताम द्वारा पोस्टर का विमोचन किया गया। उन्होंने संबोधन में कहा, यह छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का विषय है कि प्रकृति की ओर सोसाइटी लगातार 14 वर्षों से इस प्रदर्शनी का आयोजन कर रही है। आयोजन के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और जागरुकता को प्रोत्साहन मिलता है। साथ ही प्रदेश के 33 जिलों के किसान अपने उत्कृष्ट उत्पाद प्रदर्शित कर प्रतियोगिता में हिस्सा लेते हैं। यह प्रदर्शनी किसानों और आम जनता के बीच संवाद और पर्यावरणीय जागरुकता को बढ़ाने का एक प्रभावी मंच है।



### प्रदर्शनी के मुख्य आकर्षण



तीन दिवसीय आयोजन में विभिन्न प्रकार के फल, फूल और सब्जियों की प्रदर्शनी देखने को मिलेगी। जहां किसानों द्वारा जैविक उत्पादों और नवीनतम कृषि तकनीकों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। अंतिम दिन प्रतिभागियों के लिए पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया जाएगा। पर्यावरण संरक्षण और बागवानी के प्रति जागरुकता फैलाने के लिए कार्यशाला का भी आयोजन किया जाना है। इस दौरान सोसाइटी के सदस्य मोहन वल्यानी, निर्भय धाड़ीवाल, दलजीत बग्गा, पुरुषोत्तम चंद्राकर और डॉ. अनिल चौहान विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

### प्रदर्शनी में बागवानी विशेषज्ञों की मौजूदगी

प्रकृति की ओर सोसाइटी के सदस्य ने बताया, प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य किसानों और लोगों के बीच पर्यावरणीय जागरुकता को बढ़ावा देना है। जिससे उन्नत कृषि तकनीकों और जैविक उत्पादों को प्रोत्साहन मिल सके, साथ ही फसल विविधता और गुणवत्ता में सुधार के लिए लोगों को प्रेरित करना है। तीन दिवसीय कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान, बागवानी विशेषज्ञ, स्कूल एवं कॉलेज छात्र और पर्यावरण प्रेमियों की उपस्थित रहेगी। यह आयोजन रोजाना सुबह 11 बजे से रात 11 बजे तक आयोजित की जाएगी।

## राज्य स्तरीय विकलांग युवक युवती परिचय सम्मेलन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ अखिल भारतीय दिव्यांग चेतना परिषद, सेंट्रल मारवाड़ी युवा मंच, कान्यकुब्ज सभा व शिक्षा मंडल, सीनियर सिटीजन वेलफेयर फोरम के संयुक्त तत्वावधान में 15वां राज्य स्तरीय विकलांग युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन शहर स्थित आशीर्वाद भवन बैरन बाजार में 22 दिसंबर को किया जाएगा। समारोह में आयोजन समिति के संयोजक वीरेंद्र पांडे, राजेश अग्रवाल, सह संयोजक घनश्याम पोद्दार, अनुराधा दुबे, राघवेंद्र मिश्रा, रामगोपाल सैनी, परिषद के प्रांत अध्यक्ष सत्येंद्र अग्रवाल व महामंत्री संतोष तिवारी एवं कोषाध्यक्ष पंकज अग्रवाल मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे।




### फरवरी में सामूहिक विवाह

*परिचय सम्मेलन का प्रारंभ रविवार की सुबह 11 बजे किया जाएगा। सम्मेलन में मुख्य अतिथि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल एवं बिलासपुर विधायक पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल शामिल होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा व सतना मध्य प्रदेश के पूर्व विधायक शंकर लाल तिवारी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोपालगंज बिहार के कुलपति डॉ. विनय पाठक करेंगे। समिति द्वारा 15-16 फरवरी 2025 को आशीर्वाद भवन में सामूहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा, जिसके लिए 10 फरवरी पंजीयन की अंतिम तिथि है।*

**सिट इवेंट**

## छात्रों ने किसानों को मशरूम उत्पादन की जानकारी दी




**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय द्वारा 'ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को मशरूम उत्पादन व जैविक कीटनाशक बनाने की संपूर्ण जानकारी दी गई। महाविद्यालय के डीन डॉ. जीके दास और कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. घनश्याम दास साहू के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों को छात्राओं के समूह ने मशरूम उत्पादन के प्रांरभिक कार्य और अधिक उत्पादक के तरीकों पर जोर दिया। इसके साथ ही जैविक कीटनाशक बनाने की जानकारी एवं उनके फायदे बताए गए। कहा, जैव कीटनाशक मुख्य रूप से न्यूनतम मात्रा में काम करता है। इससे जोखिम का स्तर कम हो जाता है। साथ ही रासायनिक कीटनाशकों के कारण होने वाले प्रदूषण से भी बचा जा सकता है।

### जैविक कीटनाशक बनाने की जानकारी

छात्रों द्वारा मशरूम उत्पादन का प्रदर्शन किसानों के घर पर पहुंचकर किया गया। जिससे मशरूम की खेती की जानकारी लेकर किसान अपने आय के साधन के रूप में प्रयोग कर सकें। इस दौरान विद्यार्थियों ने किसानों को टूटी फ्रूटी, बनाना चिप्स, टमाटर सॉस, साबुन तैयार करने की प्रक्रिया की जानकारी दी।

**बीटीआई मैदान पर जारी गोड़वाना महोत्सव में प्रतिभागियों ने दिया खुशनुमा माहौल**

# शिव तांडव से प्रतिभागियों ने किया मंत्रमुग्ध मंच पर गीतों से सजाई संगीत की महफिल

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** 'जटाकटा हसंभ्रम भ्रमन्निलिंपनिर्झरी विलोलवीचिवल्लरी विराजमानमूर्धनि.....'रावण रचित शिव तांडव स्तोत्रम् में एकल नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा। महोत्सव को खास बनाने के लिए सांस्कृतिक मंच पर प्रतिभागी अपने मनमोहक डांस, गायन, और नृत्य की भाव-भंगिमाओं से निर्णायकों का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। जहां जोशीले अंदाज में एकल और ग्रुप डांस से दर्शकों से वाहवाही लूट रहे हैं। वहीं, देर-रात तक मेला घूमने के लिए आने वाले लोगों का भरपूर मनोरंजन भी कर रहे हैं। नृत्य में महिषासुर मर्दिनी स्तोत्र..., श्री गणेश वंदना, श्री जगन्नाथ के चरणों में...जैसे भजनों से लोगों को मंच से जोड़ते हुए उनका मनोरंजन भी कर रहे हैं।





### आज सजेगी कवियों की महफिल

गोड़वाना महोत्सव में बुधवार की रात एकल नृत्य की प्रस्तुति दी गई, जिसमें 80 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। शाम 5 बजे से देर रात तक संचालित की जा रही है। इस कड़ी में पांच साल से 30-40 वर्ष के प्रतिभागी भी शिरकत करने के लिए पहुंच रहे हैं। बीटीआई ग्राउंड में हो रहे सांस्कृतिक प्रोग्राम की कड़ी में 19 दिसंबर की शाम 6 बजे से कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इसमें कई कवियों के द्वारा काव्यपाठ किया जाएगा।

### शास्त्रीय नृत्य से लूटी वाहवाही

अनुभवि कलाकारों ने कुचिपुड़ी, भरतनाट्यम, कथक पेश करते हुए दर्शकों से खूब तालियां बटोरी। इस आयोजन में भारतीय पारंपरिक शास्त्रीय नृत्य दर्शकों के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। 'रघुकुल रीत सदा चली आई प्राण जाए पर वचन ना जाई....., नानी तेरी मोरनी को मोर ले गए..., देश रंगीला-रंगीला ..., जैसे फिल्मी गीतों पर नन्हें प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुति दी गई। माता-पिता बच्चों का मनोबल बढ़ाने के लिए दर्शक दीर्घा में होते हैं। अनुभवि कलाकारों ने बंगाली, राजस्थानी, गुजराती एवं छत्तीसगढ़ गीतों पर भी प्रस्तुति दी।



### आकर्षक प्रस्तुति पारंपरिक अंदाज

गोड़वाना महोत्सव में स्कूली छात्रों ने लोक गीत पर शानदार नृत्य पेश किया। एकल प्रस्तुति में पारंपरिक आभूषण और परिधान के साथ प्रतिभागी नजर आए। इसमें कई महिलाओं ने भी हिस्सा लिया, जिन्होंने सदाबहार गीतों पर नृत्य की प्रस्तुति दी। रंगारंग सांस्कृतिक प्रोग्राम में बच्चों और युवाओं की सहभागिता देखने को मिल रही है। स्कूली छात्रों ने देशभक्ति गानों में सबसे अधिक प्रस्तुति दी, वहीं, युवाओं ने शास्त्रीय संगीत का चयन किया।



## सिटी स्पोर्ट्स

### विजय मर्चेंट ट्रॉफी में यथार्थ और मानस की शानदार पारी

रायपुर। बी सी सी आई की मेंस अंडर-16



विजय मर्चेन्ट ट्रॉफी का आयोजन 06 दिसंबर से जारी है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का तीसरा तीन दिवसीय मैच (17-19 दिसंबर) शिमोगा में सौराष्ट्र अंडर-16 टीम के विरुद्ध खेला गया। छत्तीसगढ़ अंडर-16 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 62.1 ओवरों में 10 विकेट खोकर 179 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से गुणवंत अवस्थी ने 12 चौकों की मदद से सर्वाधिक 85 रनों का योगदान दिया। उनके अतिरिक्त रुद्रा शुक्ला ने 24 रन बनाये। सौराष्ट्र टीम की ओर से मृदंग जोशी ने 3 विकेट लिए। शुभ, धार्मिक तथा भार्गव ने 2-2 विकेट प्राप्त किए। छत्तीसगढ़ ने अपनी दूसरी पारी में 55.4 ओवरों में सभी 10 विकेट खोकर 118 रन ही बनाये तथा सौराष्ट्र को 199 रनों का लक्ष्य दिया। छत्तीसगढ़ की ओर से आर्यन सिंह ने नाबाद 35 रन बनाये। उनके अतिरिक्त आदित्य गुहा ने 20 रन तथा श्रेयस अग्रवाल ने 16 रनों का योगदान दिया। सौराष्ट्र की ओर से भार्गव ने 4 विकेट, धार्मिक एवं श्रीराज ने 3-3 विकेट प्राप्त किये।

199 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सौराष्ट्र ने दूसरे दिन की समाप्ति तक 23 ओवरों में 6 विकेट खोकर 51 रन बना लिये हैं। छत्तीसगढ़ की ओर से यथार्थ सिंह चौहान ने 4 विकेट प्राप्त किये जबकि मानस मुलचंदानी ने 1 विकेट प्राप्त किए। दूसरे दिन की समाप्ति तक छत्तीसगढ़ 148 रनों से आगे है। छत्तीसगढ़ को मैच जीतने हेतु 4 विकेट लेने है।

### राष्ट्रीय तीरंदाजी में हिस्सा ले रहे छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी



रायपुर। सीनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में शामिल होने छत्तीसगढ़ की 30 सदस्यीय टीम टाटानगर झारखंड गई हुई है। प्रतियोगिता में इंडियन वर्ग में महिला टीम इवेंट में छत्तीसगढ़ को एक मेडल मिलना तय हो गया, 19 दिसंबर को फाइनल टूर्नामेंट है। जिसमें गोल्ड अथवा ब्रांज मेडल मिलना तय है। इसी तरह इंटरनेशनल इक्विपमेंट में रिकर्व वर्ग में छत्तीसगढ़ के तीरंदाज नेशनल गेम में सिलेक्शन के लिए, कड़ी प्रतिस्पर्धा में जूझ रहे हैं। 19 दिसंबर को टॉप-32 का टूर्नामेंट होगा, उसके बाद टॉप-16 का टूर्नामेंट होगा उसके बाद टॉप-8 का टूर्नामेंट होगा। अगर छत्तीसगढ़ के तीरंदाज टॉप-8 में प्रवेश करते हैं तो आने वाले उत्तराखंड में नेशनल गेम में हिस्सा लेंगे। कंपाउंड वर्ग और रिकवर में छत्तीसगढ़ के तीरंदाज टॉप 64 में आ चुके हैं। आयुष मुरारका ने कहा कि आने वाले समय में संघ के अध्यक्ष व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के समक्ष इक्विपमेंट कोच की जरूरतें रखी गई हैं, जिनकी कमी पूरी होने पर और बेहतर परिणाम लाएंगे। मुरारका ने कहा कि 19 दिसंबर को महिला टीम का मेडल मैच है और यही टीम नेशनल गेम उत्तराखंड में भी खेलेगी। इसलिए टीम को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कैलाश मुरारका की तरफ से शुभकानाएं दी गई है।

### 38वें राष्ट्रीय खेल उत्तराखंड के लिए बनाईं कमेटियां




रायपुर। 38 वे राष्ट्रीय खेल उत्तराखंड में भागीदारी के लिए छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ के पदाधिकारियों की बैठक कार्यालय छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन, इंडोर स्टेडियम बूढ़ा तालाब रायपुर में आयोजित की गई बैठक में दो समितियों का गठन किया गया एवं 'शेफ डे मिशन' हेतु निर्णय लिया गया। 'शेफ डे मिशन' के लिए सहीराम जाखड़ सहसचिव छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन एवं डीजीएम स्पोर्ट्स सेल का नाम प्रस्तावित किया गया। दो कमेटी बनाई गई जिसमें परचेज कमेटी में गजराज पगारिया, शरद शुक्ला, संजय मिश्रा, मोहम्मद अकरम खान, प्रमोद सिंह ठाकुर और समन्वयक समिति में प्रशांत सिंह रघुवंशी, मोहनलाल, डॉ विष्णु कुमार श्रीवास्तव, डॉ अतुल शुक्ला और रूपेंद्र चौहान शामिल किए गए हैं। बैठक में सभी विषयो पर चर्चा करते हुए बनाई गई समितियों को दायित्व सौपे गए एवं राज्य को ज्यादा से ज्यादा पदक मिल इसके लिए किए जाने वाले प्रयासों पर चर्चा की गई। बैठक में उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन गजराज पगारिया, शरद शुक्ला, कैलाश मुरारका, आर के श्रीवास्तव महासचिव – डॉ विक्रम सिंह सिसोदिया सहसचिव – सहीराम जाखर, मोहम्मद अकरम खान, प्रशांत सिंह रघुवंशी, मनोज अग्रवाल कार्यकारिणी सदस्य – मोहनलाल, उज्जवल दीपक, डॉ अतुल शुक्ला और प्रमोद सिंह ठाकुर, आदि उपस्थित थे।

अप्रभावी होते एंटीबायोटिक से जन स्वास्थ्य पर अदृश्य संकट बढ़ रहा

# एंटीबायोटिक का तेजी से बेअसर होना चिंताजनक लगातार इस्तेमाल करने से पहले जानिए सब कुछ


एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस उस स्थिति को कहते हैं जब बैक्टीरिया उन एंटीबायोटिक दवाओं का प्रतिरोध करने लगते हैं, जिसके कारण ये दवाएं उन्हें मार नहीं पातीं या उनकी वृद्धि को रोक नहीं पातीं, जो परंपरागत रूप से उनके प्रभावी ढंग से इलाज करने के लिए इस्तेमाल की जाती रही हैं। नतीजतन, जीवाणु संक्रमण का इलाज करना बेहद मुश्किल हो जाता है। एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस उस स्थिति को कहते है जब बैक्टीरिया उन एंटीबायोटिक दवाओं का प्रतिरोध करने लगते हैं, जिसके कारण ये दवाएं उन्हें मार नहीं पातीं या उनकी वृद्धि को रोक नहीं पातीं, जो परंपरागत रूप से उनके प्रभावी ढंग से इलाज करने के लिए इस्तेमाल की जाती रही हैं। नतीजतन, जीवाणु संक्रमण का इलाज करना बेहद मुश्किल हो जाता है। यह बेहद खतरनाक चिकित्सीय स्थिति हो सकती है क्योंकि इससे बीमार लोगों के लिए उपचार के विकल्प घट जाते हैं, जिससे प्रभावी उपचार में भी देरी हो सकती है। परिणामस्वरूप, गंभीर, लम्बी बीमारी और मृत्यु का जोखिम, और इलाज में देरी जैसी स्थितिया आम होती जाएगी।



### जीवित रहने के लिए परिवेश के हिसाब से ढलना जरूरी

एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस एक प्रकार का रोगाणुरोधी प्रतिरोध है, जो सूक्ष्मजीवी द्वारा किसी भी दवा के लगातार उस पर नियंत्रण के लिए उपयोग के कारण उसके बचाव में विकसित कर लेती है। बैक्टीरिया के साथ साथ, वायरस और अन्य कई परजीवी भी किसी भी दवा के प्रति प्रतिरोध विकसित कर सकते हैं। इसमें गूढ़ बात है कि हमारा शरीर एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस विकसित नहीं करता बल्कि शरीर को बीमार करने वाला सूक्ष्मजीवी ही दवा को अप्रभावी बना देता है। नतीजतन किसी खास रोगकारक जीवाणु के खिलाफ एंटीबायोटिक्स कम प्रभावी हो जाता है।


### सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या



एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस धीरे धीरे एक वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या का रूप ले रही है। इसका मतलब है कि इसके प्रभाव में ना सिर्फ कोई एक मरीज होता है बल्कि यह सामूहिक रूप से जीवाणु संक्रमण के प्रभावी ढंग से इलाज को कमजोर कर सभी को प्रभावित कर रह है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि जब जीवाणु संक्रमण के इलाज के लिए बार बार एंटीबायोटिक्स का उपयोग करते हैं, तो वे जीवाणु धीरे धीरे अपने आप को एंटीबायोटिक्स के जीवाणु पर होने वाले प्रतिकूल प्रभाव से बचाव के तरीके विकसित करने लगते है यानी चमका देने लगते है। इसका मतलब यह नहीं है कि आपका शरीर एंटीबायोटिक दवाओं के प्रति प्रतिरोधी हो रहा है। इसका मतलब है कि बैक्टीरिया (जो किसी समय आपके शरीर को प्रभावित कर सकते हैं) पर अब एंटीबायोटिक दवाओं से उतना आसानी से प्रभाव नहीं पड़ता, जितना पहले होता था।

### एंटीबायोटिक का अंधाधुंध इस्तेमाल खतरनाक

एक शोध के अनुसार 1990 से 2023 के दरम्यान एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस से सालाना एक मिलियन से अधिक लोगों की मौत हो रही है और अगर एंटीबायोटिक का इसी तरह बे-रोक-टोक इस्तेमाल जारी रहा तो दवाएं बेअसर होती जाएंगी और साल 2050 तक इससे होने वाली मौत का दायरा बढ़ कर कैंसर के कारण होने वाली मौत से भी ज्यादा हो जायेगी। मेडिकल जर्नल द लेंसेट' में प्रकाशित एक स्टडी के मुताबिक, एंटीबायोटिक और एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस के कारण अगले 25 सालों में 3 करोड़ 90 लाख लोगों की मौत हो सकती है। सेंटर्स फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन के अनुसार, एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस चीन में सबसे अधिक प्रभावी है, उसके बाद कुवैत व अमेरिका का स्थान है। भारत में बहुत तेजी से पैर पसार रहा है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार भारत में अकेले एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस से होने वाली मौतों की संख्या श्वसन संबंधी संक्रमण, टीबी, आंत संबंधी संक्रमण, मधुमेह और किडनी रोग, मैटरनल एवं नीओनेटल डिसऑर्डर से होने वाली कुल मौतों से अधिक हैं।




## ओवरथिंकिंग दूर करने के लिए करें ये मुद्रा, कुछ ही दिनों में दिखेगा फायदा

क्या आप भा किसी भी विषय के बारे में बहुत ज्यादा सोंचते हैं? क्या आपको भी हर वक्त निगेटिव ख्यालात आते हैं। इन योगासन की मदद से फायदा मिल सकता है। ओवरथिंकिंग कोई बीमारी नहीं है ये एक तरह की नेगेटिव हैबिट है जो पास्ट में हुए कुछ अनुभवों के कारण जन्म लेती है। ये आपके इमोशन और फिजिकल हेल्थ को भी प्रभावित कर सकता है। ओवरथिंकिंग के कारण आपको एंग्जायटी, पैनिक अटैक और डिप्रेशन जैसी मानसिक समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। आजकल के युवाओं में यह आदत काफी ज्यादा देखने को मिल रही है। अगर आप भी ओवरथिंकिंग के शिकार हैं तो आप इन योग मुद्राओं की मदद से इस समस्या पर काबू पा सकते हैं। इस बारे में जानकारी दे रही हैं योगा एक्सपर्ट डॉ. नुपुर रोहातगी

### वायु मुद्रा मन को शांत रखने में मददगार

ज्ञान मुद्रा करने से मन मस्तिष्क को शांति मिलती है। क्रोध, भय, शोक, जलन जैसी समस्या से छुटकारा मिलताहै। मस्तिष्क के कार्यों में सुधार होता है। याददाश्त बेहतर होती है। वायु मुद्रा मन को शांत रखने में मददगार होती है। इससे स्मरण शक्ति को बढ़ावा मिलता है। ओवरथिंकिंग के कारण होने वाले तनाव से छुटकारा मिलता है। पृथ्वी मुद्रा करने से पॉजिटिव एनर्जी का संचार होता है। थकान दूर होती है।

### कैसे करें वायुमुद्रा



वायुमुद्रा करने के लिए आप मैट बिछा कर शांत वातावरण में सुखासन में बैठ जाएं। अब खुद को रिलैक्स करते हुए कंधे को ढीला कर लें। अपनी आंखों को बंद करें और गहरी सांस लें। सांसों पर ध्यान केंद्रित रखें। अपने हाथ को जांघ पर रख लें और हथेली को आसमान की ओर रखें। इंडेक्स फिंगर को थोड़ी मोड़ें ताकि अंगूठे को छुआ जा सके। अब इंडेक्स फिंगर को अंगूठे की मदद से जोर डालते हुए दबाएं। बाकी उंगलियों को सीधा रखें। हर रोज इस मुद्रा को 15 से 20 मिनट करने से फायदा मिलेगा। आप इस मुद्रा को किसी भी तरह बैठ कर, खड़े होकर,या लेट कर भी कर सकते हैं।


### पृथ्वी मुद्रा कैसे करें

इस मुद्रा को करने के लिए आप सुखासन में बैठ जाएं और खुद को रिलैक्स करें। अब अपनी हथेलियों को जांघों पर रखें और सांस पर ध्यान दें। रिंग फिंगर को अंगूठे के टिप से जोड़ें। बहुत ज्यादा उंगलियों पर दबाव नहीं डालना है। अब 15 मिनट के लिए इस मुद्रा में बैठें और धीरे-धीरे सांस लेते रहें। दिन में ये मुद्रा आप किसी भी वक्त कर सकते हैं। रोजाना करने से बेहतर परिणाम मिलना मुमकिन है।

### ज्ञान मुद्रा कैसे करें

इस मुद्रा को करने के लिए आप पद्मासन में बैठ जाएं। अपनी हथेलियों को जांघों के ऊपर की ओर रखें। अब तर्जनी उंगली से अंगूठे के छोर पर रखें। बाकी उंगलियां सीधी रहेंगी। आंखें बंद रखें और गहरी और लंबी सांस लेते रहें। सांसों पर ध्यान केंद्रित रखें। इस मुद्रा का अभ्यास आधे घंटे तक करने फायदा मिल सकता है।

## सर्दियों में चखिए स्वीट कॉर्न पराठे का स्वाद



अगर आपको भी सर्दियों में कुछ चटपटा खाने मन कर रहा है, तो इस बार घर पर स्वीट कॉर्न पराठे बनाना न भूलें। हर कोई करेगा तारीफ।

### स्वीट कॉर्न पराठे की रेसिपी

घर पर स्वीट कॉर्न पराठे बनाना बहुत ही आसान है। इसके लिए आपको अधिक मेहनत भी करने की जरूरत नहीं है। इसके लिए आप सबसे पहले स्वीट कॉर्न को अच्छे से कद्दूकस कर लीजिए और किसी बर्तन में रख दीजिए। इसके बाद कद्दूकस किए कॉर्न में उबले आलू को डालकर अच्छे से मैश कर लें। अब इसमें हल्दी, नमक, प्याज, नमक, धनिया पता आदि सामग्री को डालकर अच्छे से मिक्स कर लें। सभी सामग्री को मिक्स करने के बाद 10-15 मिनट सेट होने के लिए रख दें। इधर एक बर्तन में आटे को डालें। अब इसमें जरूरत के हिसाब में पानी को डालकर आटे को अच्छे से गूंथ लें। अब आटे में से लेकर छोटी-छोटी लोइयां बना लें। अब लोइयों में मिश्रण को डालकर गोल-गोल कर लें। इसके बाद लोइयों को अच्छे से बेल लीजिए।

इधर पैन में तेल या घी को डालकर अच्छे से गर्म कर लें। जब तेल गर्म हो जाए तो पराठे को डालकर ब्राउन होने दोनों साइड अच्छे से पका लें। इसके बाद आप हरी या टमाटर की चटनी के साथ सर्व करें।

## खरमास में कर लें धार्मिक उपाय जगत के पालनहार की बरसेगी कृपा



इन दिनों खरमास चल रहा है। सूर्य के धनु राशि में प्रवेश करते ही खरमास प्रारम्भ हो जाता है। इस दौरान कुछ बातों का खास ख्याल रखना चाहिए। आइए जानते हैं खरमास में ईश्वर की कृपा पाने और अपने पुण्यों की वृद्धि करने के लिए क्या उपाय करें

### सूर्य की उपासना

खरमास में रोजाना सूर्यदेव को अर्घ्य देना चाहिए। इससे आपको कभी रोग दोष नहीं होगा। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस महीने में नित्यप्रति सूर्य भगवान की पूजा करना और आदित्य हृदय स्त्रोत का पाठ करना बहुत फलदाई माना जाता है। पाप नाशक और पुण्य वृद्धि कारक भगवान सूर्य को इस मंत्र- 'सूर्यदेव महाभाग ! त्र्योक्य तिमिरापह। मम पूर्व कृतंपापं क्षम्यतां परमेश्वरः। को पढ़ते हुए अर्घ्य देने से आयु, विद्या बुद्धि और यश की प्राप्ति होती है। उत्तम स्वास्थ्य, शिक्षा, संतान और यश-कीर्ति की प्राप्ति, सामाजिक प्रतिष्ठा, प्रतियोगिता में सफलता, करियर में कामयाबी के लिए लोगों को प्रातः उदय होते लाल सूर्य की आराधना करनी चाहिए।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## ऑस्कर विनिंग कॉमेडियन जेमी फॉक्स पर हमला, चेहरे पर फेंका गया कांच



ऑस्कर विनिंग कॉमेडियन जेमी फॉक्स शुक्रवार रात अपना 57वां जन्मदिन मनाने के लिए बेवर्ली हिल्स के एक रेस्तरां में पहुंचे थे। हालांकि, रेस्तरां में उनके साथ एक घटना घटी। बगल के टेबल पर बैठे एक शख्स ने जेमी पर एक गिलास फेंकी जो उनके मुंह पर जाकर लगी। घटना के तुरंत बाद पुलिस को बुलाया गया और मामला अब कानून प्रवर्तन के हाथ में है। इसी बीच कॉमेडियन ने रविवार को घटना को संबोधित करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया और अपने शुभचिंतकों का आभार जताया। बेवर्ली हिल्स पुलिस घटना की जांच कर रही है, जो शुक्रवार रात करीब 10 बजे हुई। इसी बीच उनके स्पोक्सपर्सन ने बताया कि फॉक्स को टांके लगे हैं और अब उनकी हालत में सुधार हो रहा है। इस पूरे मामले पर जेमी ने शनिवार तक चुप्पी साधी रखी। हालांकि, रविवार सुबह उन्होंने घटना को संबोधित करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। जेमी ने चोट या घटना को सीधे तौर पर संबोधित नहीं किया, लेकिन एक टाइटल कार्ड के साथ इसका जवाब दिया, जिसमें लिखा था, 'शैतान व्यस्त है, लेकिन मैं तनावग्रस्त होने के लिए बहुत भाग्यशाली हूं।' उन्होंने प्रशंसकों को उनके समर्थन के लिए भी धन्यवाद दिया, जिसमें उनका नेटफ्लिक्स स्टैंड-अप स्पेशल 'व्हाट हैड हैपन्ड वाज' देखना भी शामिल है।'
जेमी ने अपनी पोस्ट में आगे लिखा, 'उन सभी को धन्यवाद जो प्रार्थना करते हैं और मुझ पर नजर रखते हैं। जब आपकी रोशनी चमक रही होती है।

### टॉलीवुड

## 'फौजी' के सेट पर चोटिल हुए प्रभास जापान की जनता से मांगी माफी ?



प्रभास ने नाग अश्विन द्वारा निर्देशित अपनी आखिरी रिलीज 'कल्कि 2898 एडी' के साथ शानदार प्रदर्शन किया। देश समेत दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर कमाई के कई रिकॉर्ड तोड़ने वाली इस फिल्म का प्रीमियर अब जापान में होना है। पहले प्रभास इस इवेंट का हिस्सा बनने वाले थे लेकिन अब ऐसा मुमकिन नहीं है। अभिनेता के लेटेस्ट बयान से साफ हो रहा है कि वह अपनी नई फिल्म की शूटिंग के दौरान चोटिल हो गए हैं, जिसके कारण वह जापान नहीं जा सके। सोशल मीडिया पर जारी एक बयान में, प्रभास ने विदेशी दर्शकों द्वारा उन्हें और उनकी फिल्म को मिले अपार प्यार और शुभकामनाओं के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने टिप्पणी की कि वह लंबे समय से जापान का दौरा करने के लिए उत्सुक थे। हालांकि, अभिनेता ने बताया कि वह जापान के 'कल्कि 2898 एडी' के प्रीमियर शो का हिस्सा नहीं बन पाएंगे क्योंकि आगामी फिल्म की शूटिंग के दौरान उनके टखने में चोट लग गई है। प्रभास ने लिखा, 'मुझ पर और मेरे काम पर हमेशा इतना प्यार बरसाने के लिए धन्यवाद। मैं काफी समय से जापान जाने का इंतजार कर रहा था। हालांकि, मुझे यह कहते हुए बहुत दुख हो रहा है कि फिल्मांकन के दौरान मेरे टखने में मोच आ गई और मैं इवेंट का हिस्सा नहीं बन पाऊंगा। हमारे वितरक, ट्विन, बेहद सहायक रहे हैं और हम 'कल्कि 2898 एडी' को शुक्रवार, 3 जनवरी को रिलीज के लिए तैयार करने में उनके सभी प्रयासों के लिए आभारी हैं। मुझे आशा है कि आपसे शीघ्र मुलाकात होगी। प्रभास।' जापान में फिल्म 'कल्कि 2898 ई.'का प्रीमियर 18 दिसंबर को होना है।
प्रभास वर्तमान में निर्देशक हनु राघवपुडी की फिल्म 'फौजी' (अस्थायी शीर्षक) की शूटिंग कर रहे हैं। रिपोट्र्स के मुताबिक, ऐतिहासिक युद्ध ड्रामा की शूटिंग के दौरान प्रभास को टखने में चोट लग गई। डॉक्टरों ने उन्हें आराम करने की सलाह दी है और रिपोट्र्स में कहा गया है।

### भोजपुरी

## विक्रांत और नेहा की 'मोटकी दुल्हनिया 2' का ट्रेलर रिलीज



बॉलीवुड और भोजपुरी सिनेमा में अपनी एक्टिंग से छा जाने वाले विक्रांत सिंह राजपूत और खूबसूरत एक्ट्रेस नेहाश्री की फिल्म 'मोटकी दुल्हनिया 2' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। साथ ही इस फिल्म के वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर की डेट का भी ऐलान कर दिया गया है। यह फिल्म 21 दिसंबर 2024 को शाम 7 बजे जी बाइस्कोप पर देख सकेंगे। फिल्म की कहानी एक सामाजिक संदेश देती है, जिसमें यह दिखाया गया है कि प्यार और दिल की सच्चाई खूबसूरती से कहीं अधिक मूल्यवान है। फिल्म के गाने और डायलॉग बेहद मजेदार और दिलचस्प हैं, जो दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। फिल्म में विक्रांत सिंह राजपूत ने अपनी शानदार अदाकारी से एक बार फिर साबित कर दिया है कि वह टीवी पर सबसे ज्यादा जीआरपी रेटिंग पाने वाले एक्टर्स में से एक हैं। 'मोटकी दुल्हनिया 2' को लेकर विक्रांत सिंह राजपूत ने कहा, 'यह फिल्म एक खूबसूरत और दिलचस्प कहानी है, जो समाज के एक महत्वपूर्ण पहलू को उजागर करती है। इस फिल्म में काम करना मेरे लिए गर्व की बात है, क्योंकि इसमें मेरे किरदार को दर्शकों के दिलों तक पहुंचाने का बेहतरीन मौका मिला है। यह फिल्म एक संदेश देती है कि सच्चा प्यार और दिल की अच्छाई किसी भी बाहरी सुंदरता से कहीं अधिक महत्वपूर्ण होती है।

### लाइफ स्टाइल



लंदन की नुमाइश

लंदन फैशन वीक में जैकेट का जादू सिर चढ़ कर बोला। लुई वुइटन, कोच, इसाबेल मैरेंट, एर्मानो स्कर्विनो और विक्टोरिया बेकहम जैसे नामचीन मॉड़ल ने शियरलिंग जैकेट के साथ नुमाइश की। आरामदेह दिन के लिए जींस और फ़्लैट साबर एंकल बूट के साथ इन्हें कैज़ुअली पहनें तो बेहतर है।

## कोहनी हो रही काली तो घबराएं नहीं, अपनाएं उपाय



अगर आप भी काली कोहनी से परेशान हैं, तो आप कुछ तरीकों से अपनी कोहनी और घुटनों को चमकदार बना सकते हैं। आप अपनी काली कोहनी और घुटनों को चमकदार बनाने के लिए एलोवेरा जेल लगा सकते हैं। लगभग आधे घंटे तक लगाकर रखें और फिर साफ कर लें। इससे आपको काफी मदद मिल सकती है।

काली कोहनी और घुटनों को चमकदार बनाने के लिए आपको पहले थोड़ा हल्दी पाउडर लना है और फिर इसमें नींबू का रस डाल लें। इसके बाद इसका मिश्रण तैयार कर लें और फिर इसे घुटनों और कोहनी पर लगाएं। अब जब ये सूख जाए, तो स्क्रब करते हुए धो लें।

इसके लिए आपको बेसन में थोड़ा पानी डालकर एक पेस्ट तैयार करना है। फिर इस पेस्ट को घुटनों और कोहनी पर लगाएं। अब कुछ देर इसे लगाकर छोड़ दें और फिर पानी से धो लें।सबसे पहले आपको एक कटोरी में शहद, चीनी और नींबू का रस डालना है और इसका मिश्रण तैयार कर लेना है। अब इस तैयार किए गए पेस्ट को कोहनी और घुटनों पर लगा लें। फिर थोड़ी देर बाद पानी से धो लें। ऐसा करके आपको लाभ मिल सकता है।

## पार्टी में स्कर्ट और जींस के साथ लुक को स्टाइलिश बनाने वियर करें जैकेट



फैशन

न्यू ईयर की पार्टी में कई महिलाएं न्यू लुक पाने के लिए स्कर्ट या जींस वियर करना पसंद करती हैं। लेकिन, अगर आप चाहती हैं कि आप स्टाइलिश नजर आए तो आप जींस और स्कर्ट के साथ ये न्यू डिजाइंस वाली जैकेट स्टाइल कर सकती हैं। यह जैकेट स्टाइलिश लुक पाने के लिए बेस्ट है और इस जैकेट को स्टाइल करने के बाद जहां आपको ठंड भी नहीं लगेगी तो वहीं आपका भी सबसे अलग नजर आएगा।

### फॉक्स जैकेट



इस तरह की जैकेट न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट है। यह जैकेट शॉर्ट में है साथ लॉन्ग स्लीव्स और कॉलर डिजाइन में है। इस तरह की ड्रेस को आप ब्लैक या व्हाइट जींस के साथ स्टाइल कर सकती हैं। यह जैकेट आपको कई सारे कलर ऑप्शन में मिल जाएगा जिसे आप न्यू ईयर की पार्टी में स्टाइलिश लुक पाने के लिए वियर कर सकती हैं। इस जैकेट आप ऑनलाइन या ऑफलाइन 1,000 से कम कीमत में खरीदकर स्टाइल कर सकती हैं। अगर आप डार्क कलर में कुछ पहनने का सोच रही हैं तो आप इस तरह की जैकेट भी स्टाइल कर सकती हैं।

### जियोमेट्रिक डिजाइन जैकेट

स्टाइलिश लुक पाने के लिए आप इस तरह की जियोमेट्रिक जैकेट भी स्टाइल कर सकती हैं। यह ड्रेस न्यू लुक पाने के लिए बेस्ट है और इस ड्रेस को आप स्कर्ट के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इस जैकेट में आपका लुक स्टाइलिश नजर आएगा और इस तरह की जियोमेट्रिक डिजाइन जैकेट आपको ऑनलाइन या ऑफलाइन दोनों ही जगहों से 1,200 रुपये की कीमत में मिल जाएंगी। स्टाइलिश लुक पाने के लिए आप इस तरह की जैकेट भी स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की जैकेट जींस साथ ही स्कर्ट दोनों ही आउटफिट के साथ स्टाइल करने के लिए बेस्ट है।

### डेनिम जैकेट

डेनिम जैकेट हर दम ट्रेंड में रहती हैं और स्टाइलिश लुक के लिए आप इसे व्हाइट जींस या स्कर्ट के साथ स्टाइल कर सकती है। इस तरह की जैकेट में आपका लुक खूबसूरत नजर आएगा साथ ही आप भीड़ से भी अलग नजर आएंगी।

## हुडी पहनने के मॉडर्न तरीके बढ़ाएंगे आपकी फैशन रेटिंग



सर्दी मेंस्टाइलिश से स्टाइलिश बंदे को अपने लुक की चिंता हो जाती है। हुडी पहनते हुए भी वो यही सोचते हैं कि लुक तो बिगड़ेगा ही। लेकिन हुडी पहनते हुए भी पर्फेक्ट दिखना है तो आपको इसे पहनने के ये मॉडर्न तरीके जरूर आजमाने होंगे। ये मॉडर्न तरीके आपकी फैशन स्टाइल को अप जरूर करेंगे। इन तरीकों पर डालते हैं एक नजर-

### लेयर्ड लुक

हुडी अपने आप में पूरी मान ली जाती है और अक्सर लोग इसके साथ किसी भी अपर ड्रेस को पहनने के बारे में सोचते भी नहीं हैं।

लेकिन हुडी को लेयरिंग में पहनकर आप मॉडर्न लुक पा सकते हैं। इस लुक को पाने के लिए जिप हुडी भी ली जा सकती है। इस जिप हुडी के ऊपर ओवेरकोट पहनिए और नीचे क्रू नेक टी शर्ट।

### एथलेजर लुक


एथलेजर आजकल के ट्रेंड का हिस्सा है। इसमें जिम वियर और कैजुअल वियर दोनों का लुक आता है। आप हुडी के साथ भी ये लुक आसानी से पा सकते हैं।

इसके लिए आप एक ब्लैक हुडी ले लीजिए। अब इस हुडी को फिटेड ब्लैक जॉगर्स के साथ पहनिए। इसके साथ लेदर लुक वाली स्लीपर भी पहनी जा सकती है।

### लेदर जैकेट लुक

पहली बार में लेदर जैकेट और हुडी का कोई कॉम्बिनेशन नजर नहीं आता है। लेकिन ये एक अच्छा कॉम्बो है। जिसमें लुक बेहतरीन आता है। इस लुक के साथ ब्लैक लेदर जैकेट चाहिए होगी और साथ में काली या इंडिगो कलर की जींस भी।

## अचानक खो रहा है त्वचा का ग्लो तो हो सकती है सेलो स्किन की समस्या



आपकी स्किन का लगातार प्राकृतिक रंग खोना 'सेलो स्किन' प्रॉब्लम का संकेत हो सकता है। इस स्किम प्रॉब्लम में त्वचा का रंग बदलकर भूरा या हल्का पीला पड़ने लगता है। अगर आपके साथ भी ऐसा हो रहा है तो आपको इसके कारणों का पता होना चाहिए और इस पर फौरन ध्यान देना चाहिए।

### विटामिन और खून की कमी

जैसे पूरी तरह से स्वस्थ रहने के लिए भरपूर खाद्य पदार्थ जरूरी हैं, उसी तरह स्वस्थ और चमकदार स्किन के लिए विटामिन खासतौर पर विटामिन सी और शरीर में प्रर्याप्त मात्रा में खून होना जरूरी है। सेलो स्किन से बचने के लिए आपको संतुलित और विटामिनयुक्त आहार जरूर ग्रहण करना चाहिए। वरना स्किन रूखी और छुर्रीदार होने लगेगी।

### पर्याप्त पानी

पानी और स्वस्थ्य स्किन का बहुत गहरा संबंध है। पर्याप्त पानी पीने से पेशाब के माध्यम से शरीर के हानिकारक तत्व बाहर निकल जाते हैं। साथ ही स्किन को हाइड्रेड रखते हैं, जिससे स्किन रूखी नहीं होती, इसलिए नियमित रूप से पर्याप्त पानी पिएं।

### तनाव से बचाव, पर्याप्त नींद

किसी भी तरह का तनाव व पर्याप्त नींद न लेना शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से नुकसानदायक होता है, जो आपकी स्किन पर विपरीत प्रभाव डालता है।

### कार्नर न्यूज

### बाजार से एसेसरीज लेने से पहले इंटरनेट जरूर खंगाल लें

## स्टाइलिश मैन बनने के लिए जरूरी एसेसरीज अपनाने से पहले ध्यान रखें टिप्स, होगी तारीफ

सस्ती और जरूरी एसेसरीज, जिनसे हर पुरुष बन जाएगा आप अक्सर ही शॉपिंग करते रहते हैं? इस शॉपिंग का हर सामान इस्तेमाल में आ भी पाता है? अलमारी में ऐसे कपड़ों की भरमार हो चुकी है, जो खरीदने के बाद अब आप पहनते ही नहीं हैं?

अगर आपके साथ ऐसा होता है तो अब ऐसी चीजों की शॉपिंग करें जो आपके काम आए हमेशा जो आपको स्टाइलिश बनाने में 100 प्रतिशत योगदान भी करें। ये कुछ ऐसी एसेसरीज हैं, जो आपके स्टाइल में चार-चांद लगा देंगी। इन्हें न हर कुछ दिन में बदलने का झंझट है और न ही रखरखाव का। ये एसेसरीज आपके स्टाइल के लिए बेस्ट साबित होंगी। इन्हें यूज करने के बाद आपको अपने लुक के लिए ज्यादा सोचने की जरूरत भी नहीं पड़ेगी। इन एसेसरीज से रूबरू हो लीजिए, ये आपके काम जरूर आएंगी। लेकिन इससे पहले इंटरनेट खंगालना चाहें तो सर्च के विकल्प ये रहे।



### पुरुषों के लिए जरूरी एसेसरीज

पुरुषों के लिए रुमाल कितनी जरूरी चीज हैं, ये बात सिर्फ वो ही जानते हैं। लेकिन फिर भी सालों तक पुराने रूमालों का इस्तेमाल करते रहना उन्हें काफी पसंद है। जबकि लोगों के बीच में जब आप पुराने और खराब दिखने वाले रुमाल निकालते हैं तो अच्छा बिल्कुल नहीं लगता है। इसलिए समय-समय पर नए रुमाल खरीदते रहना जरूरी हो जाता है। कुछ एसेसरीज जिन्हें नियम से खरीदते रहना है, उनमें रूमाल को शामिल कर लीजिए।

### नोज क्लिपर्स ले लीजिए

नाक से निकलते बाल अक्सर ही परेशानी बन जाते हैं। इन बालों को यूं हीं छोड़ देने से अच्छा है कि इसके लिए एक अच्छी क्वालिटी का नोज क्लिपर ले लिया जाए। इस तरह से आपके लुक को खराब करते नाक के बालों से आपको छुटकारा मिल जाएगा।

इनको काटते समय ध्यान रखिएगा कि ये वही बाल हैं, जो लुक पर की गई आपकी सारी मेहनत को बेकार कर देते हैं। इसको नियम से काटने के लिए क्लिपर खरीदिए लेकिन इस पर बहुत खर्चा नहीं करना है। इससे आप किसी को इम्प्रेस (Impress) ऐसे भी नहीं कर पाएंगे। इसको बहुत महंगा खरीदने से अच्छा है कि जरूरत के हिसाब से वाजिब दाम वाला क्लिपर ले लें। आप इलेक्ट्रिक नोज क्लिपर भी ले सकते हैं।

### कंसीलर है जरूरी

हो सकता है कि आप पुरुषों के मेकअप वाले फंडे को न मानते हों। लेकिन सिर्फ एक कंसीलर से आप फुल मेकअप वाले रूप में नहीं आ जाएंगे। बल्कि ये आपको स्टाइलिश दिखने में मदद ही करेगा। ये आपके चेहरे की रौनक को कम करने वाले दाग-धब्बों को कम कर देगा। आपको अपने चेहरे की कमियां अलग से नहीं दिखेंगी और आप पूरी तरह से स्मार्ट दिखेंगे वो अलग। इससे आप दाग-धब्बे ही नहीं बल्कि रोजमर्रा में होने वाले रेजर बर्न भी छुपा सकते हैं। ये कंसीलर तब आपके और भी काम आएगा।

